INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-8 | मथुरा, गुरुवार, 5 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### बलदेव का हुरंगा: रसिया गीतों और कोड़ा मार अंदाज के साथ खेली गई होली

# दाऊजी में मच्यो हुरंगा, रंग मैं डूब्यो ब्रज

**ढोल नगाड़ों संग खेली गई पारंपरिक हुरंगा होली**
**हुरंगे में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब**

**देश- विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं ने हुरंगा का लिया आनंद**
**घूंघट डालकर महिलाओं ने खेली होली**

**सखियों ने हुरियारों के कपड़े फाड़कर कोड़े मारे**
**हुरंगे में हुरियारों ने बाल्टी से बरसाया रंग**


बलदेव के मंदिर में हुरंगा के दौरान होली का नजारा।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, बलदेव (मथुरा)।** श्री दाऊजी महाराज मंदिर में गुरुवार को हुरंगा होली खेली गई। हजारों श्रद्धालु अनोखी होली को देखने और खेलने के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में सुबह से ही रंग, गुलाल, ढोल–नगाड़ों और रसिया गीतों की गूंज सुनाई देने लगी। हुरंगा शुरू होते ही मंदिर परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। हुरियारों ने रसिया गाते चलो रे देखन हुरंगा आज, दाऊजी के द्वारे। ग्वालन लठ ले खड़ीं हँसैं, ग्वाल पड़े बेचारे। ढोल मजीरा बाजत जोर से, गावत सब रसिया। रंग गुलाल में भीज गई, सारी ब्रज बसिया। यह पारंपिरिक रसिया गीत गाते हुए होली खेलनी शुरू की तो लोग भी झूम उठे। ढोल और नगाड़ों की थाप पर गाए जा रहे ब्रज के रसिया गीतों ने पूरे माहौल को रंगीन बना दिया। मंदिर परिसर में चारों ओर गुलाल उड़ता रहा और श्रद्धालु खुशी से एक–दूसरे को रंग लगाते नजर आए। इस अवसर पर महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर हुरंगा होली खेली। महिलाओं ने हुरियारों पर रंग और गुलाल डाला, वहीं लठामार अंदाज में रसियों और लाठियों के साथ हुरंगा की परंपरा निभाई गई। हुरियारे भी पूरे उत्साह के साथ नाचते–गाते हुए होली खेलते रहे। मंदिर परिसर में मौजूद हजारों लोग इस अनोखे दृश्य का आनंद लेते रहे। ब्रज की इस खास परंपरा को देखने के लिए देश के कई राज्यों के साथ–साथ विदेशों से भी पर्यटक यहां पहुंचे। श्रद्धालु अपने परिवार के साथ इस ऐतिहासिक उत्सव में शामिल हुए। मंदिर परिसर में रंगों की बौछार, ढोल–नगाड़ों की आवाज और भक्तों की जयकार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हुरंगा के दौरान पूरा बलदेव क्षेत्र रंग और उत्साह में डूब गया। श्रद्धालु एक–दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई देते रहे। ब्रज की इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और हुरंगा पर जमकर ठुमके लगाए।


सखियों ने हुरियारों के खूब कपड़े फाड़े ।

## हुरंगे में विधायक पूरन प्रकाश झूमे


**यूनिक समय, मथुरा।** दाऊजी महाराज मंदिर में आयोजित प्रसिद्ध हुरंगा होली के दौरान बलदेव विधानसभा से पूरन प्रकाश भी उत्सव के रंग में रंगे नजर आए। हुरंगा के बीच जब मंदिर परिसर में रंग–गुलाल और पुष्प वर्षा का माहौल बना तो विधायक पूरन प्रकाश ने होली के पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया।

## दाऊजी मंदिर का हुरंगा क्यों है खास

**यूनिक समय, मथुरा।** बलदेव के श्री दाऊजी महाराज मंदिर में होली के दूसरे दिन हुरंगा खेला जाता है। इसमें महिलाएं और पुरुष रसिया गीतों के बीच रंग और गुलाल के साथ होली खेलते हैं। लठामार अंदाज और ब्रज के पारंपरिक गीत इस उत्सव को खास बनाते हैं। इस अनोखी होली को देखने के लिए हर साल देश–विदेश से हजारों लोग बलदेव आते हैं।

## दाऊजी में होती है देवर और भाभी की होली

**यूनिक समय, मथुरा।** हुरंगा देखने आई मीना कुमार ने बताया कि ये दाऊजी की प्रसिद्ध होली है। यहां देश–विदेश से लोग आते हैं। जग होरी और ब्रज होरा। ये देवर और भाभी की होली होती है। इसे बहुत उत्साह से खेलते हैं।


दाऊजी मंदिर परिसर में हुई हुरंगा में बाल्टी से हुरियारिनों पर रंग बरसाते हुरियारे।


हुरंगा को देखते डीएम सीपी सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार आदि अधिकारी।

## डीएम और एसएसपी ने मंदिर के आसपास निरीक्षण किया

**यूनिक समय, मथुरा।** हुरंगा से पहले जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने क्षीर सागर कुंड, मंदिर तक जाने वाली प्रमुख गलियों और मंदिर के प्रवेश व निकास द्वारों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग और भीड़ व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए, ताकि हुरंगा के दौरान सभी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।


बलदेव में निरीक्षण करते डीएम सीपी सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार।

## जयगुरुदेव आश्रम में तीन दिवसीय होली सत्संग मेला

# पंकज महाराज ने दिया सदाचार व शाकाहार अपनाने का संदेश


तीन दिवसीय होली सत्संग मेला में प्रवचन करते बाबा पंकज महाराज।

### दहेज रहित विवाह सम्पन्न

### मई में होने वाले वार्षिक भंडारे में शामिल होने का किया आह्वान

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय होली सत्संग मेले के दौरान होली के दिन बाबा जयगुरुदेव के बाबा पंकज महाराज ने श्रद्धालुओं को सत्संग का महत्व समझाया। बाबा की भविष्यवाणियों, शाकाहार–सदाचार, सामाजिक कुरीतियों से बचने और मानवीय गुण अपनाने का संदेश दिया। सुरत–शब्द साधना की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि जब परमात्मा किसी जीव का कल्याण करना चाहता है, तब वह इंसान के रूप में किसी संत–महात्मा के माध्यम से अपना रहस्य प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य को यह भेद नहीं मिलता, तब तक वह अपने सच्चे घर तक नहीं पहुंच सकता। महाराज ने कहा कि परमात्मा हर प्राणी में विद्यमान है, लेकिन सही मार्गदर्शन के अभाव में मनुष्य युगों से भटकता रहा है। उन्होंने कहा कि यह संसार कर्मभूमि है। व्यक्ति जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। द्वापर युग में द्रौपदी के चीरहरण से महाभारत जैसा विनाशकारी युद्ध हुआ था। बाबा जयगुरुदेव महाराज का 14 वां वार्षिक भंडारा सत्संग मेला 17 से 21 मई तक आश्रम में आयोजित होने की घोषणा की गई और श्रद्धालुओं से उसमें शामिल होने का आग्रह किया गया।

## तापमान / मौसम

33 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

17 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,65,000

22 कैरेट 1,51,800

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,70,000 प्रति किलो

## ठाकुर बांके बिहारी के दर्शनों के समय में हुआ परिवर्तन

**यूनिक समय, मथुरा।** ग्रीष्मकाल को देखते ही ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शनों के समय में परिवर्तन किया गया है। मंदिर प्रशासन की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज से दर्शन एवं आरती के समय में परिवर्तन किया गया है। जिसमें प्रातः कालीन दर्शन सुबह 7 बजे से दोपहर के 12.30 बजे तक और श्रंगार आरती सुबह 7.10 बजे, राजभोग आरती दोपहर के 12.25 बजे होगी। वहीं सायंकालीन दर्शन सायं 4.15 से रात्रि 9.30 बजे तक और राजभोग आरती रात्रि 9.25 बजे होगी।

# गौर पूर्णिमा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब


चंद्रोदय मंदिर प्रांगण में श्री चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक करते सेवायत।

### चंद्रोदय मंदिर में महाभिषेक, संकीर्तन, पुष्प होली का अलौकिक संगम

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृन्दावन।** फाल्गुन पूर्णिमा पर श्री चैतन्य महाप्रभु का 540वां प्राकट्य महोत्सव चंद्रोदय मंदिर में मनाया गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। नवीन प्रांगण में फूल बंगला, छप्पन भोग, पालकी उत्सव, महाभिषेक, अखंड हरिनाम संकीर्तन और पुष्पों की होली ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। महाभिषेक के दर्शन को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्ति–रस से सराबोर वातावरण में "हरि बोल" और "गौर हरि" के जय घोष से सम्पूर्ण परिसर गूंज उठा। चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने कलियुग में हरिनाम संकीर्तन की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

कहा कि यद्यपि कलियुग समस्त दोषों का भंडार है, तथापि इसमें एक महान गुण निहित है। केवल भगवान श्रीकृष्ण के नाम का संकीर्तन करने मात्र से मनुष्य समस्त सांसारिक आसक्तियों से मुक्त होकर परम धाम को प्राप्त कर सकता है। उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक पराक्रमी राजा असंख्य दस्युओं का विनाश कर देता है, उसी प्रकार हरिनाम संकीर्तन मनुष्य के जीवन में संचित दोषों और पापों का नाश कर देता है। संकीर्तन आत्मा को शुद्ध कर उसे भगवान की प्रेमाभक्ति से जोड़ देता है।

## राधा वेली में होली मिलन समारोह बुजुर्गों का किया सम्मान



**यूनिक समय, मथुरा।** डॉलर ब्रदर्स ग्रुप द्वारा श्री राधा वेली सेक्टर पांच स्थित होलिका चौक पर आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजक ठा.आर के सिंह यदुवंशी (राजा भैया) थे। समारोह में बड़े बुजुर्गों को रंग गुलाल, दुपट्टा और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था डॉलर ब्रदर्स ग्रुप ठा. आर के सिंह यदुवंशी (राजा भैया) ने संभाली। उनके साथ संस्कृति विवि के जनसंपर्क अधिकारी किशन चतुर्वेदी, गोपाल वल्लभ आचार्य, चौधरी जेपी सिंह, विष्णु पहलवान, सोनाली सिंह, सुष्मिता सिंह, प्राची सिंह, प्रो. शैलेन्द्र सिंह, सूबेदार सतीश फौजदार, रेखा चौधरी आदि का योगदान था। खेल कूद कर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने संगीत और नृत्य के साथ रंगों का आनंद लिया। इस मौके पर एडवोकेट आशुतोष पाठक, प्रताप पहलवान, ठा.अशोक सिंह, कल्लू खण्डेलवाल, विकास दुबे, लव ठाकुर, नितिन ठाकुर, रामेश्वर पहलवान, कल्लू पहलवान, जनार्दन पहलवान, योगेश ठाकुर, सोहन ठाकुर, राजा ठाकुर, डॉ रामवीर सिंह, डॉ काजल ठाकुर, केशव चौधरी, डॉ गोविंद सिंह, यश अरोड़ा, प्रीतम सिंह, रामू प्रधान, पवन अग्रवाल, रोहित शर्मा, राहुल मौर्य, पवन मौर्य, मोहन शर्मा, चेतबीर ठाकुर, मुकेश भारद्वाज, अभिषेक चतुर्वेदी मनोज चौधरी, काजल सिंह, अंजली सिंह, विधि, विधान, लड्डू, बर्फी,अक्कू, दर्श, बिन्नू, सिया, जाह्नवी, मानवी, शालू, गंगा तथा लाला आदि उपस्थित थे।

## शेरगढ़ में युवकों ने निकाला हुरंगा मेला

**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** हर वर्ष हुरंगा मेला निकालने वाले आयोजक महंत राघव चेतन बाबा के इनकार करने पर कुछ नव युवकों ने एकत्र होकर महिलाओं से संपर्क कर मेला निकाल कर लाज रखी। हुरंगा मेले के आयोजक मोनू उपाध्याय ने बताया कि हुरंगा बलराम कुंड से शुरू होकर गोपीनाथ मंदिर से मैन बाजार होते हुए बलराम कुंड पर पहुंचा। सभी महिलाओं को पुरस्कृत किया।

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए यूनिक समय
www.uniquesamay.com

## वीआरआई में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी 6 एवं 7 मार्च को

### शिक्षाष्टक– एक बिन्दु : एक सिन्धु शीर्षक प्रदर्शनी का होगा आयोजन

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृन्दावन शोध संस्थान में 6 तथा 7 मार्च को शिक्षाष्टक उत्सव होगा। इस अवसर पर नाम संकीर्तन, अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी तथा शिक्षाष्टक– एक बिन्दुः एक सिन्धु शीर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया शिक्षाष्टक के माध्यम से श्री चैतन्य महाप्रभु ने भारतीय आमजन के मध्य भक्ति ज्ञान को प्रसारित किया। इस दौरान श्री चैतन्य महाप्रभु की जन्म जयंती गौर पूर्णिमा पर दो दिवसीय गोष्ठी अन्तर्गत जहाँ विद्वानों द्वारा विचार साझा किए जाएंगे, वहीं शिक्षाष्टक पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से संदर्भों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। संयोजक प्रो. अभिषेक बोस कोलकात्ता, विश्वविद्यालय ने कहा ब्रज संस्कृति के विस्तार में श्री चैतन्य महाप्रभु की रचना शिक्षाष्टक का महत्त्वपूर्ण योगदान विश्व पटल पर देखा जा सकता है। संस्थान द्वारा शिक्षाष्टक पर आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी में श्रीचैतन्य प्रेम संस्थान के निदेशक आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी वृन्दावन, प्रो. नृसिंहप्रसाद भादुड़ी, कोलकाता डॉ. अच्युतलाल भट्ट, कियोकाजु ओकिता, सोफिया यूनीवर्सिटी टोक्यो, प्रो. अरिंदम चक्रवर्ती हवाई विश्वविद्यालय अमेरिका, प्रो.अर्जुनदेवसेन शर्मा आसाम, डॉ. आमेन सिंह मणिपुरी विभाग, दिल्ली वि. वि. एवं डॉ. नृत्यगोपाल शर्मा दिल्ली वि. वि. आदि विद्वान सहभागिता करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ विद्वानों की सहभागिता ऑन लाइन माध्यम से भी रहेगी। सह–संयोजक डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 10:30 महामंत्र संकीर्तन से होगा। इस दौरान दो दिवसीय प्रदर्शनी शिक्षाष्टक– एक बिन्दुः एक सिन्धु का आयोजन करने के साथ ही सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ एस.एस. सुब्बुलक्ष्मी एवं श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा गाये गये शिक्षाष्टक का प्रस्तुतिकरण भी स्क्रीन पर किया जायेगा।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, बाइक सवार की मौत

**यूनिक समय, गोवर्धन (मथुरा)।** मथुरा–गोवर्धन रोड स्थित लोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे लगे पेड़ से तेज धमाके के साथ जोरदारी से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पेड़ से टकराने के बाद उस पर सवार युवक का सिर भी पेड़ से टकरा गया। इस घटना से युवक के सिर पर चोट आई जिससे वह वहीं अचेत अवस्था में गिर गया। इस घटना से रोड पर राहगीरों का जमावड़ा लग गया और भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी। अस्पताल में डॉक्टर ने इलाज के दौरान युवक को मृत घोषित कर घर भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक का नाम शौकत उर्फ भूरा उम्र 45 वर्ष निवासी राया का बताया गया है।

## श्री रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव सात मार्च से

### 12 मार्च को होली होगी और रथ की सवारी 13 को निकलेगी


पत्रकार वार्ता में ब्रह्मोत्सव के कलेंडर का विमोचन करते पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** प्रसिद्ध दिव्यदेश श्री रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव सात मार्च से शुरू होगा। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में दी गई। स्वामी रघुनाथ आचार्य ने बताया कि ब्रह्मोत्सव रथ का मेला का शुभारंभ अंकुरारोपण, देव आह्वान, ध्वजारोहण से होगा, जिसमे दक्षिण भारतीय वेदपाठी विद्वान वेदमंत्रो से गणपति और देवगणों का आह्वान करेंगे। मंदिर के प्रबंधक कृष्णन जी ने बताया कि 7 मार्च को प्रातः काल ठाकुर रंगनाथ भगवान स्वर्ण निर्मित पूर्ण कोठी में विराजित होकर भक्तो को कृतार्थ करेंगे। इसी क्रम में ठाकुर गोदारंगमन्नार भगवान प्रतिदिन स्वर्ण रजत निर्मित वाहन सूर्यप्रभा, चंद्रप्रभा, गरुण जी, हनुमान जी, पालकी, सिंह, अश्व, सिंहशार्दुल पर विराजित होकर दर्शन देंगे। मंदिर की सीईओ अनघा श्रीनिवासन ने बताया कि 12 मार्च को भगवान गोदा रंगमन्नार भगवान कांच के विमान में विराजमान होकर भक्तों के साथ होली खेलेंगे। मुख्य आकर्षण विशालकाय चंदन निर्मित रथ है। 13 मार्च को भगवान श्री रंगनाथ श्री देवी और भूदेवी के साथ विराजित होकर भक्तो को कृतार्थ करेंगे। 13 मार्च को सुबह 7.30 बजे से अपराह्न तीन बजे तक रथ की सवारी निकाली जाएगी। 14 मार्च को आतिशबाजी का आयोजन श्री रंग जी के बड़े बगीचा में किया जाएगा। दिव्य महोत्सव का समापन 16 मार्च को अद्वितीय पुष्पक विमान से होगा। तदोपरांत स्वर्ण स्तंभ पर विराजित भगवान के प्रमुख वाहन गरुण जी को वेद मंत्रों से विदाई दी जाएगी।

# रंजिश में युवक का अपहरण कर हत्या

**यूनिक समय, मथुरा।** होली वाले दिन एक ई–रिक्शा चालक का कुछ लोगों ने अपहरण करने के बाद चाकुओं से गोदकर हत्या कर शव को पानीगांव पुल के नीचे फेंक दिया। शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि कोटा छरौरा स्थित शक्ति नगर कॉलोनी में रहने वाला सोनू गौतम (22) ई रिक्शा चलाता था।

बताया गया कि 4 को सोनू उर्फ सत्येंद्र गौतम घर पर अकेला था। सायं को जब घर लौट कर आए तो सोनू उर्फ सत्येंद्र गौतम घर पर नहीं मिला। काफी तलाश करने के बाद पवन ने बताया कि सोनू उर्फ सत्येंद्र को खेमंचद और उसका बेटा विष्णु निवासी गोपीनाथ जैन मंदिर के समीप शेरगढ़ एक अन्य युवक सोनू उर्फ सत्येंद्र को ई–रिक्शा में पकड़कर ले जा रहे थे। इस जानकारी पर उसके भाई योगेश गौतम ने थाना जैंत में भाई के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। इन लोगों से पुरानी रंजिश चल रही थी। यमुनापार क्षेत्र



### चाकुओं से गुदा शव पानीगांव पुल के समीप मिला

### पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

स्थित पानी गांव पुल के समीप से यमुनापार पुलिस ने सोनू उर्फ सत्येंद्र गौतम का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। बताया गया कि पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की हत्या का खबर लगने पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बहन के घर आए युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बलेदव क्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आए युवक का संदिग्ध हालत में खेत में पेड़ पर लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिवार के लोगों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थाना कागारौल आगरा के इकरामनगर निवासी श्यामवीर(48) पुत्र भूदेव की बहन थाना महावन के गांव नगला बरी में ब्याही थी। बताया गया कि वह बहन के घर आया था। उसका शव खेत में पेड़ पर लटका मिला। पेड़ पर लटके शव को देख खेतों पर काम करने के लिए पहुंचे लोगों में हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों को पता लगा तो वहां भी कोहराम मच गया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से

### परिवार के लोगों ने हत्या का लगाया आरोप

उतरवाकर पंचनामा कराया और इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। पोस्टमार्टम गृह पर श्यामवीर के परिवारीजनों का कहना है कि उसे शराब में कोई नशीली अथवा जहरीली चीज मिलाकर पिलाने के बाद उसको फांसी पर लटका कर हत्या की गई है। उसके पीछे परिवार के लोगों का कहना था कि उसके पचास लाख रुपये रिश्तेदारी में किसी पर उधार थे। इसके चलते उसके साथ इस तरह की वारदात की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद उसकी मौत कैसे हुई इस बात का पता लगेगा।






## कार ने ननिहाल जाते युवकों को रौंदा

कार्यालय संवाददाता

### बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत, एक की हालत चिंताजनक

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह के गांव झंडीपुर के समीप कल दोपहर ननिहाल के लिए आगरा जाते बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से तेजगति आती कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। थाना यमुनापार के गांव लोहवन निवासी गोविंद पुत्र उदयवीर अपने गांव के राजरतन और अंकेश के साथ बाइक से टेढ़ी बगिया आगरा के लिए जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना फरह के गांव झंडीपुर के समीप पीछे से तेज गति से आती कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को उठाने का प्रयास किया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जहां गोविंद और राजरतन की मौत हो चुकी थी। इसके साथ की अंकेश की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना का पता लगने पर परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोहवन के रहने वाले और दूसरे रिश्तेदार पोस्टमार्टम गृह पर पहुंच गए।

## होली के बाद सरकारी दफ्तरों में पसरा सन्नाटा





होली के बाद गुरुवार खुले कार्यालयों में पसरा सन्नाटा। राजीव भवन के अंदर और बाहर दिखाई दे रहे सन्नाटे का नजारा।

**यूनिक समय, मथुरा।** धूलैड़ी के अगले दिन गुरुवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालय समय से खुल गए, लेकिन फरियादियों के नहीं आने से अधिकतर दफ्तरों में सन्नाटा रहा। आम दिनों की तरह कार्यालयों में लोगों की भीड़ दिखाई नहीं दी। ब्रज क्षेत्र में होली के बाद दौज के दिन गांवों और कस्बों में कीचड़ वाली होली खेलने की परंपरा है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोग त्योहार मनाने में व्यस्त रहे और अपनी समस्याओं को लेकर सरकारी कार्यालयों में नहीं पहुंचे। इसका असर

### गांवों में कीचड़ वाली होली खेलने में व्यस्त रहे लोग

### फरियादी नहीं पहुंचे कार्यालय

जिला मुख्यालय के कार्यालयों में दिखाई दिया। जिलाधिकारी कार्यालय, राजीव भवन और अन्य विभागों के सभी दफ्तर सुबह समय से खुल गए। अधिकारी और कर्मचारी भी समय पर अपने कार्यालय पहुंचे और अपने–अपने काम में लगे रहे। लेकिन फरियादी नहीं आने से कार्यालयों के बाहर और अंदर शांति का माहौल बना रहा। कई कार्यालयों में पूरे दिन कोई फरियादी नहीं आया। जहां सामान्य दिनों में लोगों की भीड़ लगी रहती है, वहां गुरुवार को कुर्सियां खाली नजर आईं। कर्मचारी अपने विभाग के कागजी काम और फाइलों को निपटाते दिखाई दिए। जिला मुख्यालय के कई दफ्तरों के बाहर दिनभर शांति का माहौल रहा।

## बरोसी पर पक रहे दलिया में गिरने से युवक झुलसा, मौत

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना राया क्षेत्र के गांव सूरज में बरोसी पर पशुओं के लिए बर्तन में पक रहे दलिया पर गिरने से तीस वर्षीय एक युवक की झुलसने से उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गांव सूरज निवासी सुभाष पुत्र मेहताब सिंह पशुओं के खाने के लिए नौहरे पर बरोसी में पक रहे गर्म दलिया में गिरने के दौरान बुरी तरह झुलस गया। घटना की जानकारी होते ही परिजन व ग्रामीण उसे अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान सुभाष की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## होली पर तीन खोकों में लगी आग से नुकसान

**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** खंडहर पड़ी सरकारी अस्पताल की बिल्डिंग के सामने चाय के तीन खोका आग की लपटों से घिर गए। जानकारों की मानें तो होली के दिन सभी मार्केट बंद थे। दिन में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई जिससे अफसर पुत्र अलादीन, रईस पुत्र हमीदन, जाकिर पुत्र हमीदान के लकड़ी के खोखे में रखा सामान जल गया। सूचना पर थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना लेखपाल को भी दी।

## होली पर पुलिस रही सतर्क

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** रंगों का त्यौहार होली मनाई गई। लोगो ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं कस्बे के अलावा देहात क्षेत्रों में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण कराने को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पैदल मार्च करती रही। सुबह कस्बे के रेतिया बाजार में नीरज अग्रवाल ने होली मिलन समारोह, सायं को गोपालबाग परशुराम मंदिर पर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अरविंद शर्मा एवं ब्रजस्थमैथिल ब्राह्मण सभा ने शिवपुरी शिवमंदिर पर रामवीर शर्मा व चंद्रपाल शर्मा ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कस्बे में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह मय पुलिसबल के साथ बाजारों में पैदल गश्त करते रहे। इसके अलावा सोनई मदैम, खजूरी, नगोड़ा एवं सारस आदि अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पैदल भ्रमण करती रही।

## मामूली विवाद के चलते राया में दो पक्षों में विवाद, आधा दर्जन घायल

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत गांव सरदारगढ़ में मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए और जमकर ईंट पत्थर लाठी–डंडे चले। इस संघर्ष में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल राहुल सिंह ने बताया कि उनके चाचा की दूसरे पक्ष के गौरव से कहासुनी हुई थी, जो उस समय शांत हो गई थी। आरोप है कि बाद में गौरव ने अपने परिजनों को बुलाकर उनके घर पर हमला कर दिया और लाठी–डंडों से मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग का भी आरोप लगाया है। राहुल के मुताबिक गोली उनके चाचा के कान के पास से निकल गई, जिससे कान में चोट आई है। हालांकि पुलिस ने गोली चलने की बात से इनकार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना यमुनापार इलाके में बिजली का काम करने वाले एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। थाना यमुना पार के शिव नगर कॉलोनी में रहने वाला चंद्रशेखर बिजली का काम करता था। बताया गया कि कल वह बिजली ठीक कर रहा था। काम करने के दौरान उसे बिजली का जोरदार करंट लगा जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




# सूचना विभाग में फर्जीवाड़ा करने वाला गिरफ्तार

## पुलिस को नारायन सिंह इटावा में मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** फर्जीवाड़ा के मामले में नामजद जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिक ( कंप्यूटरऑपरेटर) को सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिक (कंप्यूटरऑपरेटर) नारायन सिंह निवासी मनी का थोक, चौमुहां थाना जैंत ने सूचना अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर गलत तरीके से बिल बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में सूचना अधिकारी प्रशांत सुचारी द्वारा थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

पुलिस नारायन को तलाश कर रही थी। बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली कि वह शांति विहार कॉलोनी थाना एकदिल जनपद इटावा में है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने वहां जाकर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर मथुरा ले आई।

### नारायन सिंह पर दर्ज कराया पत्रकारों ने मुकदमा

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिक (कंप्यूटरऑपरेटर) के खिलाफ पत्रकारों द्वारा भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। नारायन सिंह के खिलाफ पत्रकार धाराजीत सारस्वत सहित तीन अन्य पत्रकारों द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि पत्रकारों के बदनाम करने तथा उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। उनके खिलाफ झूठे आरोप लगा कर दुष्प्रचार कर उनकी छवि को खराब किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# हाईवे पर पार्सल ट्रक अंडरपास से नीचे गिरा, क्लीनर हुआ घायल, चालक ट्रक छोड़ भागा

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** थाना फरह के गांव भीमनगर के समीप हाईवे पर एक अनियंत्रित पार्सल ट्रक अंडरपास से नीचे गिर गया। दुर्घटना में क्लीनर घायल हो गया। चालक मौके से भाग गया। थाना बलदेव के गांव मड़ोरा निवासी नीरज कैंटर ट्रक से पार्सल लेकर आगरा के लिए जा रहा था। बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक जैसे ही गांव भीमनगर के समीप अंडर पास पर पहुंचा ट्रैंकर अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग गया। ट्रक में सवार क्लीनर गांव करील थाना सादाबाद हाथरस निवासी मोहित घायल हो गया। दुर्घटना में घायल हुए क्लीनर को अस्पताल भेजा गया है।

# गांव हताना में होली के बाद हुआ जमकर झगड़ा

## दो लोगों को लगी गोली, एक दर्जन घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना कोसीकलां के गांव हताना में होली के बाद दो पक्षों में जमकर हुए विवाद में लाठी डंडे और गोलियां चली। दो युवकों को गोली लगी। दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग घायल हुए।गांव हताना में होली खेलने के बाद युवक हेमंत और श्याम अपने घरों के लिए जा रहे थे। घर के समीप वहां कुछ और लोग भी मौजूद थे। इसी बीच वहां गांव के कुछ युवक शराब के नशे में आए और गाली गलौज करने लगे। हेमंत और श्याम ने गाली देने का विरोध किया। इस पर दूसरे पक्ष के लोग मारपीट करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इसी बीच हमलावर पक्ष का एक युवक बंदूक लेकर आया और हेमंत और श्याम पर सीधा फायर कर दिया। गोली लगने से दोनों युवक घायल हो गए। फायरिंग होते ही वहां अफरा–तफरी मच गई। गांव में हुए झगड़े की खबर लगने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हेमंत और श्याम को जिला अस्पताल भेज दिया।

# मथुरा में भीषण अग्निकांड के बीच फिर बने 'जल पुरुष' मिसाल

**यूनिक समय, मथुरा।** जमुनापार क्षेत्र में स्थित लोहवन के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में सोमवार को लगी भीषण आग को काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इस बीच मथुरा के 'जल पुरुष' के नाम से प्रसिद्ध प्रमोद गर्ग कसेरे को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही प्रमोद गर्ग कसेरे ने बिना देर किए अपने आठ पानी के टैंकर मौके पर रवाना कर दिए। उनके टैंकरों से लगातार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पानी की आपूर्ति की गई, जिससे राहत एवं बचाव कार्य में तेजी आई। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि जल संकट के समय और अग्निकांड जैसी आपात परिस्थितियों में प्रमोद गर्ग कसेरे पूर्व में भी निशुल्क पानी के टैंकर उपलब्ध कराते रहे हैं। मथुरा में इससे पूर्व भी कई अग्निकांड की घटनाओं में उन्होंने निःशुल्क पानी उपलब्ध कराकर प्रशासन और फायर ब्रिगेड का सहयोग किया है। उनकी इसी सेवा भावना के चलते शहरवासी उन्हें सम्मानपूर्वक 'जल पुरुष' के नाम से पुकारते हैं। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनके सहयोग की सराहना की। संकट की घड़ी में दिखाई गई उनकी सक्रियता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना ही सच्ची सेवा की पहचान है।

# टोल बचाने को गांव में घुसे कैंटर ने तोड़े दो बिजली पोल

## बिजली सप्लाई के दौरान वाहन से हुआ गांव कुरकंदा में हादसा, चिंगारी फूटी

## वाहन छोड़कर भागा चालक, ग्रामीणों ने मौके पर आई पुलिस को सौंपी चाबी

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल को बचाने के लिए अवैध रास्तों से निकल रहे वाहन हादसों की वजह बन रहे हैं। टोल बचाने के लिए गांव कुरकंदा से निकल रहे वाहन ने बिजली के दो पोल तोड़ डाले। बिजली सप्लाई के दौरान पोल टूटने से गांव में चिंगारी फूट पड़ी और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। वाहन को छोड़कर चालक मौके से भाग गया, जिसे ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। आगरा की ओर से मथुरा जाने वाले वाहन हाईवे पर टोल बचाने के लिए गांव फतिहा कट से हथावली होकर कुरकंदा से मथुरा निकल जाते हैं। ऐसे काफी संख्या में चार और छह पहिया वाले वाहन होते हैं। सुबह करीब 11 बजे बिना नंबर की एक कैंटर गाड़ी टोल बचाने के लिए गांव कुरकंदा होकर मथुरा की ओर निकल रही थी, तभी गांव में बिजली का पोल वाहन की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से दो पोल टूट गए। सप्लाई के दौरान पोल टूटने की वजह से तारों से चिंगारी फूट पड़ी और ग्रामीण दोनों में भगदड़ मच गई। मौका देखकर चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और बिजली घर सूचना देकर सप्लाई कटवा दी। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने कैंटर की चाबी सौंप दी। पुलिस वाहन को महुअन चौकी ले गई। अब पुलिस वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जबकि विद्युत विभाग ने दोनों कामों को सही करने का काम शुरू करा दिया।

# वार्डन स्वयंसेवक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन



नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षार्थी को प्रशस्ति पत्र देते प्रभारी अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्य, मुख्य वार्डन राजीव अग्रवाल, डिप्टी चीफ वार्डन कल्यान दास अग्रवाल।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डन सेवा के पदाधिकारियों के साथ–साथ आम नागरिकों स्कूली छात्र–छात्राओं को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित वार्डन स्वयंसेवक क्षमता निर्माण कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया।

यह कार्यशाला दो चरणों में बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कॉलेज में हुई। जिलाधिकारी नियंत्रक चंद्र प्रकाश सिंह, प्रभारी अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्य के निर्देशन एवं सहायक उप नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यशाला में 360 से ज्यादा स्वयंसेवक शिक्षण संस्थान के छात्र–छात्राओं को लोक निर्माण विभाग अग्निशमन विभाग स्वास्थ्य विभाग नागरिक सुरक्षा संगठन मथुरा रिफाइनरी आदि के आपदा विशेषज्ञ अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। नागरिक सुरक्षा संगठन के सीनियर स्टाफ ऑफिसर दीपक चतुर्वेदी बैंकर ने बताया है कि शिविर में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों को जिलाधिकारी के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यशाला में नागरिक सुरक्षा संगठन के मुख्य वार्डन राजीव अग्रवाल बृजवासी डिप्टी चीफ वार्डन कल्यान दास अग्रवाल डिवीजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल बीएसए कॉलेज के प्रधानाचार्य ललित मोहन शर्मा, घटना नियंत्रण अधिकारी मुकेश तिवारी, अरविंद चौधरी, पोस्ट वार्डन डॉ. महेश शर्मा आपदा मित्र इंजीनियर अशोक यादव, आलोक वत्सल व्यास, जगदीश सिंह, जबर सिंह, राकेश चौधरी एवं रिंकी यादव आदि उपस्थित थे।

# रसिया की तान पर झूम–झूम नाचे हुरियारे

## होलिका दहन के दूसरे दिन पथवारी मंदिर परिसर में हुआ रसिया दंगल

## राया और अलीगढ़ के गायकों ने रात भर दर्शकों को जमकर दिलाया आनंद



कस्बा स्थित पथवारी चौक परिसर में आयोजित रसिया दंगल के दौरान रसिया सुनाता जनाने के रूप में सजा कलाकार।

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** होलिका दहन के दूसरे दिन कस्बा स्थित पथवारी मंदिर परिसर में आयोजित रसिया दंगल में रात भर हुरियारे झूमते रहे। राया और अलीगढ़ से आए गायकों ने अपनी गायकी से दर्शकों को रात भर कार्यक्रम से बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा और समाजसेवी जितेंद्र पचौरी, एडवोकेट सोनू शर्मा ने गायक दल के संचालकों को साफा बांधकर किया। गणेश और देवी वंदना के बाद राया के बीके मधुआ और अलीगढ़ के अखाड़ा बैरग के बीच रसिया मुकाबला हुआ। होली पर आधारित रसिया सुनाकर गायकों ने हुरियारों को रात भर झुमाया। फटकेबाजी के मुकाबले में दोनों ओर के गायकों ने दर्शकों को जमकर आनंद दिलाया। भोर तक चले मुकाबले में दोनों रसिया मंडल बराबरी पर रहे तो आयोजकों ने दोनों को बराबर इनाम भी दिया। कार्यक्रम में सभासद दिनेश तरकर, अशोक शर्मा, मोहन अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, गुल्ला कश्यप, कलुआ, भोला, रामू अग्रवाल, बिधी चंद अग्रवाल, जयप्रकाश छप्पो, रामेश्वर सिंह, मोहन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल डीलर, लवकुश अग्रवाल, दाऊदयाल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

**उठावनी**



स्व. श्री चन्द्र किशोर अग्रवाल (मैदा वाले)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री चन्द्र किशोर अग्रवाल (पुत्र स्व. श्री केदारनाथ अग्रवाल मैदा वाले) का गोलोकवास दिनांक 03.03.2026 दिन (मंगलवार) को हो गया है। उठावनी (आज) दिनांक 06.03.2026 दिन (शुक्रवार) को महिलाओं एवं पुरुषों (दोनों पक्षों) की दोपहर 3 से 4 बजे तक अग्रवाटिका मसानी बाईपास लिंक रोड़, मथुरा पर होगी।

-: शोकाकुल :-

श्रीमती शशि अग्रवाल (धर्मपत्नी)
जितेन्द्र अग्रवाल–रश्मि अग्रवाल (पुत्र–पुत्रवधू)

कौशल किशोर–रमा अग्रवाल
विजय किशोर–कमलेश अग्रवाल
प्रेम किशोर–प्रीति अग्रवाल
नंदलाल–सुरेखा अग्रवाल
प्रदीप–संगीता अग्रवाल (श्री ग्रुप)
सुदीप–अलका अग्रवाल (श्री ग्रुप)
(भ्राता–भ्रातावधू)
उषा रानी–प्रकाश चंद्र अग्रवाल
राजरानी–गोपाल अग्रवाल
(बहन–बहनोई)
सतीश, राजकुमार, मुकेश, पंकज, आशीष,
पीयूष, सचिन, अंशुल, अर्पित, शेखर, अमन
(भतीजेगण)
अंशुमान–शिवानी अग्रवाल, आदित्य–ईशा अग्रवाल
शोभित–प्रियंका अग्रवाल
(भांजा–भांजावधू)

बरखा–राजेश अग्रवाल, चीना–रवि अग्रवाल
लीना–अम्बरीश अग्रवाल (पुत्री–दामाद)
हर्ष–मेघा अग्रवाल (पौत्र–पौत्रवधू)
स्नेहा अग्रवाल (पौत्री)
मानविक, सात्विक (प्रपौत्र)
ऋषभ–पूजा अग्रवाल
रचित–मीनल अग्रवाल
दिव्यांग–निशिका अग्रवाल, जय अग्रवाल
(धेवता–धेवतावधू)
हर्षिता–पल्लव कंसल, दिव्यांशी
(धेवती–धेवतीदामाद)
दीपाली–नीरज गोयल, स्वीटी–आशीष गोयल
करिश्मा–अनिरुद्ध बेरीवाल, मोनिका–शैलेश अग्रवाल
(भांजी–भांजीदामाद)

समस्त मैदा वाला परिवार, मथुरा

-:फर्म:-
★स्मार्ट विजन इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड, मथुरा

ससुराल पक्ष– प्रदीप (गणेश) जौहरी, नितेश अग्रवाल (सालेगण)

### नौ दिन बाद मजदूर की हुई मौत से आक्रोशित थे ग्रामीण

# सड़क पर शव रखकर दो घंटे लगाया जाम



थाना सदर बाजार क्षेत्र में आगरा-मथुरा मार्ग पर शव रखकर बिलखते परिवारीजन।



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने वाले ग्रामीणों को समझाते पुलिस के अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदरबाजार के दामोदरपुरा में नौ दिन पहले मजदूरी के पैसे मांगने पर मजदूरों के साथ ठेकेदार द्वारा बुरी तरह लाठी डंडों से पिटाई की गई थी। एक मजदूर की उसी दिन मौत हो गई थी। दूसरे ने मौत और जिंदगी से जूझते आज दम तोड़ दिया। आक्रोशित परिवार के लोगों ने शव को सड़क पर रख कर दो घंटे तक सड़क को जाम कर दिया।

घटना का पता लगने पर एसपी सिटी और एसपी ट्रैफिक ने कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया। गौरतलब है दामोदरपुरा में रहने वाले हरिओम ने गांव के ठेकेदार के पास काम किया था। उसकी मजदूरी के पैसे ठेकेदार द्वारा नहीं दिए गए थे। 24 फरवरी को हरिओम ने पैसे ठेकेदार से मांगे तो उसने सायं को पैसे देने के लिए उसे प्लॉट पर बुला लिया। बताया गया वहां पहुंचकर शराब की पार्टी होने लगी। शराब पीने के बाद जब हरिओम ने पैसे मांगे तो ठेकेदार और उसके बेटे आदि का पारा चढ़ गया। इन लोगों ने हरिओम की लाठी डंडो से बुरी तरह पिटाई की। मनोज ने जब हरिओम को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने मनोज को भी बेरहमी से पीट-पीट कर मरणासन्न कर दिया। दोनों घायलों

## एसपी सिटी और एसपी ट्रैफिक ने समझा कर खुलवाया जाम

## मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की कर रहे थे मांग

को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में हरिओम की मौत हो गई। मनोज को चिंताजनक हालत में आगरा रेफर कर दिया गया था। मनोज की नौ दिन बाद आज मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिवार के लोगों ने शव को रखकर मथुरा-आगरा जाने वाली सड़क पर गांव के समीप जाम लगा दिया। मार्ग पर लगे जाम की खबर लगने पर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंच गई।

परिवार के लोगों की मांग थी घटना करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। जाम के चलते आगरा-मथुरा मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह और एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को खुलवा दिया।

# बड़े बकायेदारों पर नगर निगम की कार्रवाई



बकायेदारों के भवनों पर सील लगाती नगर निगम की टीम। साथ हैं सीटीओ नरेंद्र सिंह यादव।

## दो भवन किए सील

## भूतेश्वर जोन में गृहकर और जलकर की वसूली के लिए चला अभियान

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम ने संपत्ति कर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो भवनों को सील कर दिया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के नेतृत्व में भूतेश्वर जोन में की गई। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे वसूली अभियान के तहत अवागढ़ फार्म क्षेत्र में लंबे समय से बकाया गृहकर और जलकर का भुगतान नहीं करने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार भवन संख्या 178/211 के स्वामी पर 3 लाख 26 हजार 840 रुपये का बकाया चल रहा था। वहीं भवन संख्या 178/232 के स्वामी पर 8 लाख 15 हजार 236 रुपये का कर बकाया था। नगर निगम की ओर से दोनों भवन स्वामियों को कई बार मांग नोटिस और अंतिम नोटिस जारी कर बकाया जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन निर्धारित समय तक भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद गुरुवार को नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों भवनों को सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा बड़े बकायेदारों के खिलाफ यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिन लोगों ने अभी तक अपना गृहकर और जलकर जमा नहीं किया है, उन्हें जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करने की सलाह दी गई है, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव, कर निर्धारण अधिकारी अरविन्द कुमार यादव, संबंधित क्षेत्र के कर संग्राहक, नगर निगम की प्रवर्तन टीम और क्षेत्रीय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

# एक युवती और एक किशोर ने फांसी लगाकर गंवाई जान

## युवती अकेले किराए के मकान में रहती थी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना यमुनापार के लक्ष्मीनगर इलाके में एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या करली। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के बीएसए कॉलेज रोड पर एक युवती ने भी फांसी लगा कर अपनी जान गंवा दी। थाना यमुनापार के लक्ष्मी नगर इलाके में रहने वाले युवक डोल कुमार (23) पुत्र लाखन सिंह ने बीती रात घर के अंदर कमरे में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली।

परिवार के लोगों को जब इस बारे में पता लगा तो हड़कंप मच गया। युवक की अभी शादी भी नहीं हुई थी। युवक ने आत्महत्या किस कारण की है इस बारे में परिवार के लोग कुछ बता नहीं पा रहे थे। कोतवाली की बीएसए पुलिस चौकी क्षेत्र की बीएसए कॉलेज रोड स्थित यमुनानगर कॉलोनी में नवनीत चौधरी के मकान में किराए पर रहने वाली रूबी शर्मा (24) पुत्री शिवकुमार शर्मा ने कल सायं अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बात का पता लगने पर पुलिस को भी सूचना दी गई। चौकी इंचार्ज पवन चौहान ने बताया कि रूबी शर्मा मूल रूप से गांव मालीपुरा थाना खैर जनपद अलीगढ़ की रहने वाली थी। वह अकेले किराए के मकान में रहती थी। इस बात की आशंका है कि उसने पारिवारिक परेशानियों के चलते अत्महत्या की है। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस कर्मियों ने आज खेली जम कर होली

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के वासियों को शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्यौहार संपन्न कराने के बाद आज पुलिस विभाग ने जमकर होली के रंग का आनंद लिया। सिपाही से लेकर अधिकारी तक होली के रंग में रंगे नजर आए। पुलिस लाइन में मौजूद पुलिसकर्मचारियों ने जमकर रंगों के साथ होली का आनंद लिया। अधिकारियों ने भी पुलिसकर्मियों के साथ गुलाल और रंग लगाया। इसके साथ ही प्रत्येक थाने पर भी पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे के साथ होली खेली। इस बीच थाने में आने वाले कई लोगों को भी पुलिस कर्मियों ने रंग मे सराबोर कर दिया। एसपी आरए सुरेशचंद रावत ने थाना बलदेव पहुंचकर पुलिस कर्मियों के साथ होली खेली। इसके साथ ही सभी सीओ ने अपने सर्किल में आने वाले थानों पर पहुंचकर होली खेली। एसपी सिटी ने पुलिस लाइन और शहर के कोतवाली में पहुंचकर होली खेली। पुलिस पर पूरी तरह से होली का रंग छाया रहा। इसके चलते आज थानों में अधिकांश लोग होली को देख कर वहां से लौटते नजर आए।




होली खेलते पुलिसकर्मी।

# एचआईवी रोकथाम और जांच को लेकर हुई कार्यशाला

**यूनिक समय, मथुरा।** एचआईवी की रोकथाम, जांच और इलाज के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए डेम्पियर नगर स्थित आईएमए भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला "सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र" के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा बल्लभ, सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. सजीव यादव और डॉ. सिद्धार्थ धनगर ने मां सरस्वती के चित्रपट के सामने दीप जलाकर किया। अधिकारियों ने कहा कि एचआईवी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और इलाज से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। लोगों को इस बीमारी से डरने के बजाय इसके बारे में सही जानकारी लेनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर जांच जरूर करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से एचआईवी की जांच और इलाज की सुविधा कई अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसलिए लोगों को बिना किसी झिझक के जांच करानी चाहिए और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। कार्यशाला में डॉक्टरों ने एचआईवी से बचाव, समय पर पहचान और इलाज के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कई डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी और संबंधित विभागों के लोग मौजूद थे।



आईएमए भवन में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते सीडीओ और स्वास्थ्य अधिकारी।

# अनाज मंडी के बड़े दाऊजी मंदिर में हुरंगे में बरसीं प्रेम की लाठियां

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** अनाज मंडी स्थित प्राचीन बड़े दाऊजी मंदिर में आयोजित 'हुरंगे' ने ब्रज की लठमार होली की यादें ताजा कर दीं। इस दौरान भक्ति और प्रेम का ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला कि उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया।

हुरंगे का मुख्य आकर्षण हुरियारिनों द्वारा बरसाई गई प्रेम से भीगी लाठियां रहीं। जैसे ही परंपरागत परिधानों में सज्ज हुरियारिनों ने अपने हाथों में लाठियां संभालीं, पूरा माहौल 'दाऊजी महाराज की जय' के जयकारों से गूँज उठा। हुरियारों ने भी पूरी मस्ती में ढालों के सहारे इन प्रेम रूपी प्रहारों को झेला। लाठियों की गूँज और अबीर-गुलाल के बीच सारा वातावरण इतना प्रेममय और भक्तिमय हो गया कि मानो स्वयं साक्षात दाऊजी महाराज और रेवती जी इस उत्सव का आनंद ले रहे हों। मंदिर के सेवायत गोस्वामी ने बताया कि हुरंगे के बाद दाऊजी महाराज की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। चांदी के रथ और पालकी में सवार होकर प्रभु अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर बजाजा, बनखंडी महादेव, लोई बाजार और रेतिया बाजार क्षेत्रों से गुजरी। यात्रा का अंतिम पड़ाव ठाकुर श्री गोविंद देव मंदिर रहा, जहाँ दाऊजी महाराज के जयकारे के साथ इस भव्य उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में विष्णु गोपाल गोस्वामी, धीरज गोस्वामी, अनंत गोस्वामी, जगन्नाथ पोद्दार, हेमंत भारद्वाज, राजेश अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, जितेंद्र सिंह सिसोदिया तथा श्याम सिंह के साथ-साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



वृंदावन स्थित बड़े दाऊजी मंदिर के हुरंगा पर प्रेम की लाठियां बरसाती हुरियारिन।

# सभी मतदेय स्थलों पर कल मेगा कैम्प

**यूनिक समय, मथुरा।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत 6 मार्च को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर मेगा कैम्प और खुली बैठक होगी। यह जानकारी जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे इस अभियान के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित की गई है। जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर कल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मेगा कैम्प होंगे। मेगा कैम्प के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची से संबंधित फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 अधिक से अधिक संख्या में प्राप्त किए जाएंगे तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के शेष कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि मेगा कैम्प और खुली बैठक में बीएलओ, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के बीएलए, सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में नगर निकाय के कर्मचारी जैसे टैक्स कलेक्टर, सैनिटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी तथा पार्षद भी मौजूद रहेंगे।

# पीले दांतों को मिनटों में चमकाएं आजमाएं इन घरेलू उपायों को



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पीले गंदे दांत न सिर्फ आपकी सेहत के लिए हानिकारक हैं बल्कि ये दिखने में भी भद्दे लगते हैं। दातों पर जमी पीली परत को साफ करने और प्लाक को हटाने के लिए इन घरेलू उपायों को जरूर अपनाएं। आपके दांत चमकने लगेंगे। चेहरे पर दांत आपकी सुंदरता बढ़ाते हैं। आपकी स्माइल को खूबसूरत बनाते हैं। लेकिन सेहत के लिहाज से भी दांत बेहद अहम हैं। अगर दांतों की ठीक से सफाई न की जाए तो पीली परत जम जाती है। जो लंबे समय में जिद्दी प्लाक का रूप ले लेती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी ओरल हेल्थ का ख्याल रखें। कई बार कुछ खराब आदतों के कारण या ठीक से साफ नहीं करने के कारण दांतों का रंग पीला पड़ना लगता है। जिससे दांतों पर पीली परत जम जाती है जिसे टार्टर या प्लाक कहते हैं।

**प्लाक खाने**—पीने की चीजों से बनी एक पीली परत होती है, जो दांतों के ऊपर चिपक जाती है और लंबे समय में मसूड़ों तक पहुंच जाती है। प्लाक जमने से मुंह से बदबू आने लगती है। दांतों से खून आने लगता है, मसूड़ों में खून आ सकता है और दर्द की समस्या हो सकती है। इसलिए दांतों को साफ रखें और इन घरेलू उपायों से पीले दांतों को चमकाएं।

**बेकिंग सोडा का उपयोग—** खाने में इस्तेमाल होने वाले बेकिंग सोडा से दांतों पर लगे दागों को हटाया जा सकता है। इसमें पाया जाने वाला हाइड्रोजन पेरोक्साइड नैचुरल ब्लीच का काम करता है।

सोडा से दांतों में लगे बैक्टीरिया क्लीन होते हैं। 1 चम्मच बेकिंग सोडा में 2 चम्मच हाइड्रोजन पेरोक्साइड मिला लें। इस पेस्ट को ब्रश की मदद से दांतों पर लगाएं और रगड़कर क्लीन कर लें।

**ऑयल पुलिंग करें—** आयुर्वेद में दांतों को स्वस्थ रखने के लिए ऑयल पुलिंग की परंपरा रही है। ऑयल पुलिंग करने से दांतों को सफेद बनाने में मदद मिलती है।

इससे ओरल हेल्थ में सुधार आता है और दांतों से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। ऑयल पुलिंग के लिए आपको मुंह में तेल भरना है और उसे दातों और मुंह में चारों ओर घुमाना है। मुंह में 15 से 20 मिनट के लिए तेल को घुमाएं। सूरजमुखी, नारियल तेल, तिल का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं।

**केला, संतरा या नींबू का छिलका रगड़ें—** दांतों को साफ करने के लिए फलों के छिलके का इस्तेमाल करें। इसके लिए केला, संतरा या नींबू के छिलकों को दांतों पर रगड़ें। करीब 2 मिनट तक छिलका मलने के बाद दातों पर ब्रश कर लें। फलों के छिलके में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जिससे दांत सफेद होते हैं।

**सोडा और नींबू—** दांतों पर आए पीलेपन को दूर करने के लिए सोडा और नींबू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए किसी कटोरी में 1 चम्मच सोडा लें और उसमें नींबू का रस मिलाकर पेस्ट जैसे बना लें। इसे ब्रश की मदद से दांतों पर लगाएं और कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इससे दांत सफेद हो जाएंगे और प्लाक भी कम होने लगेगा।




# बेजान और सफेद बालों को फिर से चमकदार बनाएगा रीठा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आज के समय में जब बालों की समस्याएं बढ़ गई हैं तो, हम तरह–तरह से प्रोडक्ट्स और ऑयल इस्तेमाल करने लगे हैं। जबकि, आपके कभी इसके सही कारणों के बारे में नहीं सोचा होगा। दरअसल, ये शैंपू के ज्यादा इस्तेमाल और कैमिकल्स के कारण होने वाले नुकसानों की वजह से हो सकता है। साथ ही आपकी लाइफस्टाइल और खना–पान की कमी भी कम उम्र में सफेद बाल और झड़ते बालों का कारण बन सकता है। ऐसे में आपके लिए रीठे का पानी फायदेमंद हो सकता है।



**इस्तेमाल करें रीठा का पानी:** रीठा एक जड़ी–बूटी है जो कि बालों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसे आप शैंपू की जगह भी बालों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे इस्तेमाल करने के लिए इसे गर्म पानी में रात भर भिगोकर रख दें।

फिर सुबह इस पानी में इसे मैश कर लें। ऊपर से और पानी मिलाएं और इस पानी को छान लें। अब इस पानी को अपने बालों में लगाएं।

**सफेद बालों की समस्या में कारगर:** बालों के लिए रीठा का पानी काफी कारगर तरीके से काम कर सकता है। ये जड़ी–बूटी आपके बालों को काला करने और इसकी रंगत सुधारने में मदद कर सकती है। इसके अलावा ये असमय सफेद होते बालों को भी रोकने में कारगर है।

**बेजान बालों के लिए:** आपने देखा होगा कि कुछ लोगों के बाल ड्राई और बेजान नजर आते हैं। ऐसे में रीठा का पानी आपके बेजान बालों में जान ला सकता है। ये पहले तो बालों की ड्राईनेस को कम करता है। फिर इसके टैक्चर को सही करता है और इसमें जान लाता है।

**स्कैल्प इंफेक्शन :** रीठा के पानी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण भी होता है। ये स्कैल्प की सफाई करता है और स्कैल्प इंफेक्शन को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा ये स्कैल्प में होने वाली खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्या को भी दूर करने में कारगर है। इसलिए, अगर आपको बालों की इनमें से कोई भी समस्या है तो रीठा का पानी इस्तेमाल करें।

### बच्चों के लिए टेस्टी सरप्राइज़

# सिर्फ 10 मिनट में बनाएं चॉकलेट इडली

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चावल के आटे की इडली तो आपने कई बार खाई होगी। लेकिन आज हम आपको चॉकलेट इडली बनाना बता रहे हैं। जिसका स्वाद बच्चों को सबसे ज्यादा पसंद आएगा। जानिए चॉकलेट इडली की रेसिपी। बच्चे अक्सर नई चीजें खाने की डिमांड करते हैं। कई बार बच्चे रोटी सब्जी खाकर बोर हो जाते हैं। ऐसे में चॉकलेट इडली उनके लिए अच्छा ऑप्शन है। जब भी कुछ मीठा खाने का मन करे आप चॉकलेट इडली बनाकर खा सकते हैं। चॉकलेट इडली का स्वाद ऐसा होता है कि एक–दो खाने के बाद आपका और खाने का मन करेगा। चॉकलेट इडली के अंदर आप चॉकलेट की फिलिंग भी कर सकते हैं। जो इसे और भी मजेदार बना देगा। आप ऊपर से चॉकलेट सीरप डालकर इसे स्वादिष्ट बना सकते हैं। बच्चों और बड़ों सभी की पसंदीदा चॉकलेट इडली बनाना काफी आसान है आप इसे सिर्फ 10 मिनट में तैयार कर सकते हैं। आइये जानते हैं



चॉकलेट इडली की रेसिपी।

**बनाने की विधिः** चॉकलेट इडली बनाने के लिए न तो आपको दाल और चावल भिगोने होंगे और न ही पेस्ट बनाकर तैयार करना होगा। चॉकलेट इडली को हम बिस्किट से तैयार करेंगे। इसके लिए आप ओरियो बिस्किट का एक बड़ा पैकेट ले लें। आप चॉकलेट या व्हाइट क्रीम वाला ओरियो बिस्किट ले सकते हैं। बिस्किट को मिक्सी में डालकर पीस लें और बारीक पाउडर जैसा तैयार कर लें। बिस्किट के पाउडर को एक बाउल में डालें और उसमें 1 बड़ा चम्मच कोको पाउडर, 2 पिंस बेकिंग सोडा और घोलने के लिए दूध डालें। सारी चीजों को मिलाकर स्मूद पेस्ट बना लें। अब इडली के सांचे में थोड़ा घी लगाकर चिकना कर लें। थोड़ा थोड़ा पेस्ट सांचे में डालें और बीच में एक या दो चॉकलेट के क्यूब्स डाल दें। अब ऊपर से थोड़ा पेस्ट और डाल दें। इडली को 10 मिनट के लिए स्टीम करने के लिए रख दें। 10 मिनट के बाद चॉकलेट इडली बनकर तैयार हो जाएंगी। आप इन्हें गर्मागरम सर्व करें। चॉकलेट इडली के अंदर से निकलती मेल्ट चॉकलेट खाने में बहुत ही स्वादिष्ट लगती है। बच्चों को ये चॉकलेट इडली बहुत पसंद आएंगी। ये चॉकलेट इडली चॉकलेट केक से कम नही है। बच्चों की पार्टी के लिए इससे बेहतरीन स्नैक्स कुछ नहीं हो सकता। चॉकलेट इडली का स्वाद बच्चों के साथ बड़ों को भी खूब पसंद आएगा। आप इन्हें कभी भी बनाकर खा सकते हैं।

# पंजाबी विरासत और प्राकृतिक खूबसूरती से सजा गुरदासपुर शहर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुरदासपुर जिले में बहने वाली रावी नदी भी एक प्रमुख पर्यटक स्थल है। यह नदी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जानी जाती है। नदी के किनारे बसे गांव और जंगल पर्यटकों को एक अलग तरह का अनुभव प्रदान करते हैं।

गुरदासपुर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, पर्यटकों के लिए एक अद्भुत गंतव्य है। यह शहर पंजाब के उत्तर–पश्चिमी भाग में स्थित है और यहाँ की हरियाली, शांतिपूर्ण वातावरण और ऐतिहासिक स्थल आपको एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं गुरदासपुर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में।



गुरदासपुर का सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल है गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, जो सिख धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल है। यह गुरुद्वारा विशेष रूप से अपने अद्भुत वास्तुशिल्प और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर आने वाले श्रद्धालु न केवल धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, बल्कि यहां की शांति और वातावरण में एक गहरी आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करते हैं। गुरदासपुर जिले में बहने वाली रावी नदी भी एक प्रमुख पर्यटक स्थल है। यह नदी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जानी जाती है। नदी के किनारे बसे गांव और जंगल पर्यटकों को एक अलग तरह का अनुभव प्रदान करते हैं। यहाँ पर लोग पिकनिक, ट्रैकिंग और नाव की सवारी का आनंद भी ले सकते हैं।

गुरदासपुर जिले के मंडि अहमदगढ़ में स्थित संतोख सिंह का मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर सिख धर्म के प्रसिद्ध संत संतोख सिंह जी को समर्पित है। मंदिर के आस–पास का क्षेत्र बहुत ही शांत और हरा–भरा है, जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुकून और शांति का अनुभव कराता है।

गुरदासपुर जिले में स्थित अलीवाला किला एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसे 19वीं शताब्दी में बनवाया गया था। यह किला अपनी प्राचीन वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर जाने से पर्यटक इतिहास के महत्वपूर्ण हिस्सों को जानने और समझने का अवसर पाते हैं। किले के चारों ओर फैली हरियाली और किले की संरचना इसे एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनाती है।

गुरदासपुर में स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहाँ पर कृषि संबंधित शोध और विकास कार्य किए जाते हैं। पर्यटक यहाँ आकर कृषि के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और पंजाब की कृषि में हो रहे नवाचारों को देख सकते हैं।

तलवंडी साबो, गुरदासपुर जिले के नजदीक स्थित एक प्रमुख स्थल है, जो सिख धर्म के इतिहास से जुड़ा हुआ है। यहाँ पर गुरुद्वारा तलबंदी साहिब स्थित है, जो सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्म स्थल से जुड़ा हुआ है।

यह स्थल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यधिक धार्मिक महत्व रखता है और यहाँ श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिए आते हैं।

गुरदासपुर जिले का एक और प्रसिद्ध शहर बटाला है, जो अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। बटाला के आसपास के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक स्थल, मंदिर, और गुरुद्वारे स्थित हैं। यहाँ के बाजार में पंजाबी हस्तशिल्प और पारंपरिक वस्त्रों की खरीदारी के लिए पर्यटक आते हैं।

गुरदासपुर, पंजाब का एक ऐसा शहर है, जो अपनी हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी जाना जाता है। यहाँ की पहाड़ियाँ, बाग–बगीचे और घने जंगल, पर्यटकों को प्रकृति के करीब ले जाते हैं। खासकर कांधला झील और रामदास पठान जैसे स्थान प्राकृतिक प्रेमियों के लिए आदर्श स्थल हैं। इन स्थलों पर जाकर पर्यटक शांति और सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।

गुरदासपुर एक ऐसा शहर है जो अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के साथ–साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी मशहूर है। यहाँ के गुरुद्वारे, किले, मंदिर और प्राकृतिक स्थल पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। अगर आप पंजाब की सांस्कृतिक विविधता और इतिहास को करीब से जानना चाहते हैं, तो गुरदासपुर की यात्रा एक शानदार विकल्प हो सकती है। यह शहर न केवल धार्मिक अनुभव प्रदान करता है, बल्कि यहाँ की प्राकृतिक खूबसूरती और ऐतिहासिक महत्व भी आपको मंत्रमुग्ध कर देगा।

## सुविचार



**सोच ऊंची रखो, रास्ते खुद खुलेंगे आगे।**

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **तिथि** | तृतीया | 05:03-05:53 तक | **पक्ष** | कृष्ण पक्ष |
| **नक्षत्र** | उत्तर फाल्गुनी | 07:38-08:17 तक | **माह** | चैत्र |
| **सूर्योदय** | | 06:48 AM | **चन्द्रोदय** | 08:20 PM |
| **सूर्यास्त** | | 06:27 PM | **चंद्रास्त** | 08:11 AM |
| **सूर्य राशि** | | कुंभ राशि | **चंद्र** | कन्या राशि |
| **शुभ मुहूर्त** | | 12:08PM – 12:50 PM | **ब्रहम् मुहूर्त** | 05:018-06:05 |
| **त्योहार/व्रत** | | | **विक्रम संवत्** | 2082 |
| **राहुकाल** | | 02:05 PM:03:33PM | **वार** | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।


**Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay**

### इन लोगों को पहनना चाहिए यह रत्न

# पुखराज पहनने से धन–वैभव और ऐश्वर्य में होती है वृद्धि

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष में रत्नों को काफी अहमियत दी गई है। ज्योतिष के अनुसार पुखराज एक ऐसा रत्न है, जो बेहद प्रभावशाली और भाग्यशाली माना जाता है। माना जाता है कि जो भी व्यक्ति पुखराज धारण कर लेता है, वह बुलंदियों पर पहुंच सकता है। अपने हर काम में सफलता पा सकता है। कहने का मतलब यह है कि पुखराज धारण करने से उसका प्रभाव इतना होता है कि व्यक्ति का भाग्य उसका साथ देने लगता है।

ज्योतिषाचार्य पं. अजय कुमार तैलंग के अनुसार पुखराज बेहद प्रभावशाली रत्नों में से एक है। हालांकि इस बेशकीमती रत्न का लाभ किसी व्यक्ति को तभी मिलता है, जब यह रत्न पहनने वाले व्यक्ति को सूट करता है। क्योंकि यह रत्न हर किसी के लिए नहीं होता है। ऐसे में व्यक्ति अपनी कुंडली और राशि के हिसाब से यह पता लगा सकते हैं कि उनको कौन सा रत्न सूट करेगा। ऐसे में जो रत्न आपको सूट करे



वहीं रत्न धारण करना चाहिए। पुखराज के देव गुरु बृहस्पति का रत्न माना गया है। कुछ राशियों के लिए यह रत्न काफी फायदेमंद साबित होता है। तो वहीं कुछ लोगों के लिए यह विनाशकारी भी हो सकता है। धनु राशि, मीन राशि, मेष राशि, कर्क राशि और वृश्चिक राशि वाले जातकों के लिए यह रत्न काफी शुभ होता है। इन राशि के जातक यदि पुखराज धारण करते हैं तो इनका सोया हुआ भाग्य जाग सकता है। इन राशि के जातकों को ज्योतिष एक्सपर्ट की सलाह से इसे धारण करना चाहिए। ज्योतिष एक्सपर्ट निश्चित दिन और समय पर पूरे विधि–विधान से इसे धारण करने की सलाह देते हैं। ज्योतिष की सलाह पर इसे धारण करने से व्यक्ति का भाग्योदय हो जाता है। उनके बिगड़ते काम भी बनने लगते हैं और सफलता मिलती है। यदि ऊपर बताई गई राशियों के जातकों को व्यापार, संतान, विवाह या विदेश प्रवास में रुकावटों का सामना करना पड़ता है। तो ऐसे लोगों को पुखराज रत्न पहनने की सलाह दी जाती है। पुखराज को शांति प्रदान करने वाला माना जाता है। यह व्यक्ति की एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही व्यक्ति के निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होता है। जीवन में सकारात्मकता आने के साथ ही स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती हैं। इसके अलावा वैवाहिक जीवन सुखद होता है और इस रत्न को धारण करने से धन, वैभव और ऐश्वर्य में वृद्धि होती है। वृषभ राशि, मिथुन राशि, कन्या राशि, तुला राशि, मकर राशि और कुंभ राशि के लोगों को इस रत्न को धारण नहीं करना चाहिए।

लेकिन अगर आप सिर्फ इसको पसंद के आधार पर पहनना चाहते हैं तो किसी ज्योतिष एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। यदि आप पुखराज धारण कर रहे हैं तो आपको कुछ विशेष बातों का जरूर ध्यान रखना चाहिए। पुखराज रत्न को कभी भी नीलम, हीरा,पन्ना, लहसुनिया और गोमेद के साथ नहीं धारण करना चाहिए। ऐसा करने पर आपको इसके दुष्परिणाम नजर आते तनिक भी देर नहीं लगेगी।

# घर में वास्तु की इन बातों का रखें ध्यान

**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु में घर के प्रवेश द्वार पर तुलसी का पौधा लगाना बहुत शुभ माना जाता है। तुलसी का पौधा नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। इसे पूर्व दिशा में रखना चाहिए लेकिन आप इसे उत्तर या उत्तर–पूर्व में खिड़की के पास भी रखा जा सकता है। वास्तु के अनुसार घर के मुख्य द्वार पर कभी भी शू स्टैंड नहीं रखना चाहिए। अगर आपके पास जगह नहीं है घर के मुख्य द्वार पर शू स्टैंड रखना मजबूरी है तो इसे कभी भी खुला ना रखें। इसे पश्चिम या दक्षिण–पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। वास्तु के अनुसार कभी भी उत्तर दिशा में सिर करके नहीं सोना चाहिए। वास्तु के अनुसार उत्तर दिशा में सिर करके सोने से नींद अच्छी नहीं आती है और इसका असर सेहत पर पड़ता है। घर में घड़ियां दीवार पर पूर्व, पश्चिम और उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इस दिशा में दीवार घड़ी रखने से नए अवसर प्राप्त होते हैं। ध्यान रखें कि दिवार पर कभी भी बंद घड़ी ना लगी रहने दें। हरे रंग की दीवार पर घड़ियों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। घर की नेमप्लेट हमेशा साफ–सुथरी होनी चाहिए। वास्तु के अनुसार चमकदार नेमप्लेट लगाने से व्यक्ति को कार्य में नए अवसर मिलते रहते हैं। घर की नेमप्लेट से बाहर वाले व्यक्ति पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। वास्तु के अनुसार दक्षिण और पश्चिम दिशा की दीवारों के साथ भारी फर्नीचर रखना चाहिए जबकि हल्का फर्नीचर उत्तर और पूर्व की दीवारों से सटा हुआ रखना चाहिए। घर में धातु के फर्नीचर रखने से बचना चाहिए।

# भगवान शिव को क्यों प्रिय है धतूरा और उसका फूल?

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में अनेक देवी देवताओं की पूजा आराधना की जाती है, और हर देवी या देवता को अलग–अलग प्रकार की चीजें प्रिय हैं। देवी देवताओं को अर्पित की जाने वाली कुछ चीजों में से एक फूल भी है। मान्यताओं के अनुसार अलग–अलग प्रकार के फूल अलग–अलग देवी–देवताओं को अति प्रिय होते हैं। इन फूलों का अपना अलग ज्योतिषीय महत्व भी माना जाता है। इसी क्रम में आज हम बात कर रहे हैं, धतूरे के फूल की। मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव की पूजा में धतूरे के फूल चढ़ाना बहुत शुभ होता है। ये फूल बहुत जल्दी मुरझा जाता है। इसलिए इसे तोड़कर तुरंत महादेव को चढ़ा देना ही अच्छा होता है। भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु विशेषज्ञ



पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बता रहे हैं, धतूरे के फूल के कुछ आसान उपाय। धतूरे का फूल सफेद रंग का होता है। सफेद रंग भगवान शिव को अति प्रिय है। इस फूल में किसी भी प्रकार की कोई खुशबू नहीं होती। धतूरे के फूल बहुत नाजुक होते हैं, इसलिए इन्हें तोड़ने के बाद तुरंत चढ़ा दिया जाना चाहिए।

भगवान शिव को ये फूल प्रिय है, क्योंकि इस फूल का आम जनों द्वारा तिरस्कार किया जाता है, और जिस चीज को समाज ठुकरा देता है। भगवान शिव उसे अपना लेते हैं। ये स्वभाव उदारता को दर्शाता है। इसके अलावा इस फूल को भगवान शिव को चढ़ाने के पीछे यह भी संदेश है, कि मन की कड़वाहट को दूर करके अच्छे विचारों का संचार करें। धतूरे का फल और फूल दोनों भगवान शिव को अर्पित किए जाते हैं, लेकिन धतूरे के फल को आप प्रसाद के रूप में खा नहीं सकते, क्योंकि ये जहरीला होता है। धतूरे के फूल को आप प्रसाद के रूप में अपने पास रख सकते हैं।

मान्यताओं के अनुसार धतूरे के फूल को अपनी कॉपी किताबों के बीच में रख सकते हैं। जब यह सूख जाए तब भी आप इसे अपने पास रख सकते हैं। माना जाता है प्रसाद के रूप में मिले हुए धतूरे के फूल को कॉपी किताबों में रखने से ज्ञान की वृद्धि होती है।

प्रसाद के रूप में प्राप्त धतूरे के फूल को आप अपने धन स्थान पर रख सकते हैं। ऐसा करने से घर की आर्थिक स्थिति सदैव मजबूत बनी रहती है।

यदि आपको भी रात में डरावने सपने आते हैं, तो ऐसे में आप धतूरे के फूल को अपने तकिए के नीचे रखकर सो सकते हैं। ऐसा करने से अनजाना भय दूर होता है, साथ ही डरावने सपने आना भी बंद हो जाते हैं।

यदि आपके पास रखा हुआ धतूरे का फूल काफी पुराना हो चुका है। तो इसे फेंकने के स्थान पर आप इसे नदी में प्रवाहित कर दीजिए।

## व्रत–त्योहार का कैलेंडर 2026

- 6 मार्च, दिन शुक्रवार: भालचन्द्र संकष्टी
- 15 मार्च, दिन रविवार: पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवार: चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवार: चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवार: वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरुवार: राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवार: कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

**मेष:** दिन नई ऊर्जा लेकर आएगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और व्यापार से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृषभ:** उन्नति के योग बन रहे हैं। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है और परिवार में खुशखबरी मिलने से वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन:** दिन थोड़ा उतार–चढ़ाव भरा रह सकता है। काम में देरी संभव है, इसलिए धैर्य से काम लें और धन के लेन–देन में सावधानी बरतें।

**कर्क:** अधिक भागदौड़ और परिश्रम करना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होने की संभावना है, इसलिए बजट का ध्यान रखना जरूरी होगा।

**सिंह:** रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। व्यापार में नई साझेदारी या बड़ी डील मिलने के संकेत हैं और परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**कन्या:** यात्रा के योग बन सकते हैं। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने की संभावना है और पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाए रखें। निवेश सोच–समझकर करें और पारिवारिक मामलों में धैर्य बनाए रखें।

**वृश्चिक:** मानसिक तनाव महसूस हो सकता है। बड़े आर्थिक फैसले लेने से पहले पूरी जांच–पड़ताल करना जरूरी होगा।

**धनु:** आर्थिक सहयोग मिलने की संभावना है। व्यापार में लाभ के संकेत हैं और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**मकर:** दिन काफी शुभ रहेगा। संपत्ति या वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कुंभ:** जल्दबाजी से बचें। पैतृक संपत्ति या धन को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है।

**मीन:** यात्रा और नए अवसरों के योग हैं। थोड़ी मेहनत के बाद कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है।

## विशेष अनुरोध

प्रिय पाठकों आपका अपना यूनिक समय भरपूर कोशिश करता है कि आपके पास दिनभर की चर्चा, परिचर्चा, गतिविधियाँ और नवीनतम खबरें आप तक पहुँचाए, लेकिन फिर भी हमसे त्रुटि रह जाती हैं। आपसे अनुरोध है कि सुधि पाठक होने के नाते आप हमें अवगत कराते रहे, जिससे हम और बेहतर खबरें आपको पढ़ाते रहे। .... धन्यवाद

## सम्पादकीय

# हार से घबराकर जिंदगी से इस्तीफा क्यों?

आज के समय में एक अजीब विडंबना देखने को मिलती है। छोटी–सी असफलता, किसी रिश्ते में खटास या जीवन की थोड़ी–सी मुश्किल आते ही कुछ लोग जिंदगी से ही मुंह मोड़ने की सोचने लगते हैं। मानो जिंदगी कोई नौकरी हो, जहां थोड़ा–सा दबाव बढ़ा और हमने तुरंत इस्तीफा लिख दिया। सवाल यह है कि क्या सचमुच हालात इतने बुरे हो जाते हैं या हम ही धैर्य खोकर परिस्थितियों के आगे हथियार डाल देते हैं? जिंदगी कोई सीधी सड़क नहीं है, जो हर मोड़ पर फूल ही फूल बिछे हों। यहां कभी धूप है तो कभी छांव, कभी जीत है तो कभी हार। यही उतार–चढ़ाव जीवन को अनुभवों से भरते हैं। लेकिन आज की भागदौड़ भरी दुनिया में लोगों का धैर्य इतना कम हो गया है कि थोड़ी–सी ठोकर लगते ही वे पूरी जिंदगी को ही दोष देने लगते हैं। कई बार ऐसा लगता है जैसे जीवन ने उनके साथ कोई व्यक्तिगत दुश्मनी निकाल ली हो।



पवन गौतम
संपादक

सच तो यह है कि हर व्यक्ति के जीवन में संघर्ष आते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कोई उनसे लड़कर आगे बढ़ता है और कोई उनसे डरकर रास्ता ही बदल देता है। विडंबना यह भी है कि जब जिंदगी मुस्कुराती है तो हम उसे अपनी मेहनत का फल बताते हैं, लेकिन जब मुश्किलें आती हैं तो हम तुरंत किस्मत और दुनिया को दोष देने लगते हैं। जबकि असल ताकत इसी में है कि हम कठिन समय में भी धैर्य बनाए रखें। जरा ठहरकर सोचिए, अगर कोई व्यक्ति अचानक जीवन से मुंह मोड़ लेता है तो उसके पीछे छूट जाने वाले लोगों पर क्या गुजरती होगी। माता–पिता, भाई–बहन, दोस्त या परिवार के अन्य सदस्य – उनके जीवन में जो खालीपन पैदा होता है, वह कभी भर नहीं पाता। एक पल का निर्णय कई जिंदगियों को गहरे दुख में डाल सकता है। इसलिए हर कठिन परिस्थिति में खुद को संभालना और दूसरों के बारे में भी सोचना जरूरी है। दरअसल, समस्या से ज्यादा खतरनाक है उस पर चुप्पी साध लेना। आज भी हमारे समाज में मानसिक परेशानियों पर खुलकर बात नहीं की जाती। लोग अपने मन की बात भीतर ही भीतर दबाए रखते हैं, जब तक कि वह बोझ असहनीय न हो जाए। जबकि कई बार किसी अपने से दो शब्द बात कर लेना ही मन का भारीपन हल्का कर देता है। जिंदगी का सच यही है कि हर अंधेरी रात के बाद सुबह जरूर होती है। समय के साथ परेशानियों का हल भी निकलता है और रास्ते भी खुलते हैं। इसलिए जब मन बोझिल हो, तो खुद को अकेला न समझें। किसी अपने का हाथ थाम लें, किसी दोस्त से बात कर लें या परिवार के साथ समय बिताएं। क्योंकि जिंदगी कोई बोझ नहीं, बल्कि एक अवसर है – संघर्ष करने का, सीखने का और उम्मीद के साथ आगे बढ़ने का।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए दफ कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# ईरान संकट ने तोड़ा खाड़ी देशों का सुरक्षा भ्रम

राम कुमार अग्रवाल

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़ी हालिया सैन्य घटनाओं ने खाड़ी देशों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दशकों तक संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत और कतर जैसे समृद्ध देशों ने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी बड़े पैमाने पर अमेरिका के भरोसे छोड़ रखी थी। तेल की अपार संपदा, चमकते महानगरों और वैश्विक निवेश के सहारे इन देशों ने खुद को दुनिया के सबसे सुरक्षित और स्थिर आर्थिक केंद्रों में स्थापित किया। लेकिन हाल की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा के इस ढांचे में कई गहरी कमजोरियां मौजूद हैं।

ईरान और उसके सहयोगी गुटों द्वारा पश्चिम एशिया में अमेरिका समर्थित देशों पर जिस तेजी और तीव्रता से हमले किए गए, उसने पूरे क्षेत्र को चौंका दिया। भले ही अमेरिका और इजरायल के हमलों से ईरान को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा हो, लेकिन इस संघर्ष का सबसे बड़ा प्रभाव उन खाड़ी देशों पर पड़ रहा है जिनकी अर्थव्यवस्था स्थिरता और निवेशकों के भरोसे पर टिकी है। दुबई, अबू धाबी, दोहा और रियाद जैसे शहर केवल क्षेत्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक केंद्र बन चुके हैं। ऐसे में यदि इन शहरों के ऊपर ड्रोन या मिसाइल हमलों की आशंका भी पैदा होती है तो उसका असर केवल सैन्य नहीं बल्कि आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी होता है।

आज का पश्चिम एशिया 1990 के दशक के खाड़ी युद्ध के समय से बिल्कुल अलग है। उस दौर में क्षेत्र की पहचान मुख्य रूप से तेल और गैस उत्पादन से जुड़ी थी। दुनिया को ऊर्जा की आवश्यकता थी और युद्ध समाप्त होते ही व्यापार और निवेश फिर से सामान्य हो जाता था। लेकिन पिछले तीन दशकों में खाड़ी देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को व्यापक रूप से विविधीकृत किया है। संयुक्त अरब अमीरात की अर्थव्यवस्था का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा अब गैर–तेल क्षेत्रों से आता है। ओमान में यह आंकड़ा करीब 73 प्रतिशत है, कतर में लगभग 66 प्रतिशत और सऊदी अरब में भी यह 57 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

इन देशों ने वित्तीय सेवाओं, पर्यटन, रियल एस्टेट, लॉजिस्टिक्स और वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में भारी निवेश किया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में दुनिया के अग्रणी शहरों में गिना जाने लगा है। गगनचुंबी इमारतें, विशाल एयरपोर्ट, लक्जरी होटल और आधुनिक बुनियादी ढांचा इस क्षेत्र की नई पहचान बन चुके हैं। लेकिन यह पूरी व्यवस्था एक महत्वपूर्ण आधार पर टिकी है–स्थिरता और सुरक्षा की छवि।

यदि किसी भी कारण से यह छवि कमजोर होती है, तो निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगता है। उदाहरण के तौर पर, यदि दुबई के किसी प्रसिद्ध होटल या व्यावसायिक केंद्र पर मिसाइल गिरने की खबर सामने आती है, तो इसका प्रभाव केवल स्थानीय नहीं बल्कि वैश्विक होगा। निवेशक, पर्यटक और बहुराष्ट्रीय कंपनियां तुरंत जोखिम का आकलन करना शुरू कर देती हैं। यही कारण है कि हालिया तनाव ने खाड़ी देशों की चिंता को बढ़ा दिया है। खाड़ी देशों की समृद्धि का एक बड़ा आधार प्रवासी श्रमिक भी हैं। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, फिलीपींस और कई अन्य देशों से लाखों लोग यहां काम करते हैं। केवल भारतीय प्रवासियों की संख्या ही लाखों में है। ये प्रवासी हर वर्ष अरबों डॉलर की धनराशि अपने–अपने देशों में भेजते हैं। यदि क्षेत्र में युद्ध या अस्थिरता की स्थिति बनती है तो इसका असर न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बल्कि उन देशों पर भी पड़ेगा जिनकी अर्थव्यवस्था इन धन प्रेषणों पर निर्भर करती है। ओमान के सूत्रों के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की प्रक्रिया पहले से जारी थी और कई मुद्दों पर सहमति बनने की दिशा में प्रगति भी हो रही थी। यदि यह संवाद सफल रहता तो शायद मौजूदा तनाव को टाला जा सकता था। हालांकि हालिया सैन्य घटनाओं ने हालात को जटिल बना दिया है, लेकिन कूटनीतिक बातचीत की संभावना पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति खाड़ी देशों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आई है। लंबे समय तक उन्होंने यह मान लिया था कि अमेरिकी सैन्य शक्ति उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त है। अमेरिका की सैन्य उपस्थिति, नौसैनिक अड्डे और रक्षा समझौते इस क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ माने जाते रहे हैं। लेकिन बदलते



वैश्विक समीकरणों में यह मॉडल अब पूरी तरह विश्वसनीय नहीं दिख रहा। अमेरिका की प्राथमिकताएं भी समय के साथ बदल रही हैं। वह अब एशिया–प्रशांत क्षेत्र और चीन के बढ़ते प्रभाव पर अधिक ध्यान दे रहा है। ऐसे में पश्चिम एशिया में उसकी भूमिका पहले जैसी निर्णायक नहीं रह सकती। यही कारण है कि खाड़ी देशों को अब अपनी सुरक्षा और कूटनीति के नए विकल्प तलाशने होंगे।

कुछ खाड़ी देशों ने पहले ही इस दिशा में कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच चीन की मध्यस्थता में हुए समझौते ने संकेत दिया कि क्षेत्रीय शक्तियां अब नई कूटनीतिक राह तलाश रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात भी कई वैश्विक शक्तियों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने की नीति अपना रहा है।

खाड़ी देशों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे अपनी आर्थिक उपलब्धियों और सुरक्षा आवश्यकताओं के बीच संतुलन कैसे बनाए रखें। यदि क्षेत्र में लगातार तनाव बना रहता है तो इसका सीधा असर निवेश, पर्यटन और व्यापार पर पड़ेगा।

भारत के लिए भी यह घटनाक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से पूरा होता है। इसके अलावा खाड़ी देशों में लाखों भारतीय कामगार कार्यरत हैं, जो हर साल भारत में बड़ी मात्रा में धन भेजते हैं। यदि पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक हित और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सभी प्रभावित हो सकते हैं। भारत की विदेश नीति पारंपरिक रूप से संतुलन और संवाद पर आधारित रही है। भारत के ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों के साथ अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि भविष्य में भारत इस क्षेत्र में संवाद और शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

वर्तमान संकट केवल सैन्य संघर्ष का मामला नहीं है। यह उस आर्थिक मॉडल की परीक्षा भी है जिस पर खाड़ी देशों की आधुनिक पहचान टिकी है। चमकते शहर, वैश्विक निवेश और आधुनिक बुनियादी ढांचे की यह दुनिया तभी तक सुरक्षित है जब तक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहती है। यदि खाड़ी देश केवल बाहरी सुरक्षा गारंटी पर निर्भर रहते हैं तो भविष्य में उन्हें और भी बड़े संकटों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि वे क्षेत्रीय सहयोग, कूटनीतिक पहल और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाएं। अमेरिका ने दावा किया है कि उसका सैन्य अभियान सीमित समय के भीतर समाप्त हो सकता है। लेकिन पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्था इतने लंबे अस्थिर दौर का जोखिम नहीं उठा सकती। हर बीतता दिन निवेशकों के भरोसे को कमजोर कर रहा है। इसलिए खाड़ी देशों के लिए यह केवल सीमाओं की रक्षा का सवाल नहीं है। यह उनकी आर्थिक स्थिरता, वैश्विक प्रतिष्ठा और भविष्य की समृद्धि का प्रश्न है। यदि समय रहते निर्णायक और ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संभव है कि चमकते महानगरों की रोशनी पर युद्ध और असुरक्षा का साया और गहरा हो जाए।

## विचार विण्डो

# तेल संकट के बीच भारत की चुपचाप बड़ी तैयारी

हुकुम सिंह

मध्य पूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को एक बार फिर अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव ने कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर आशंकाएँ पैदा कर दी हैं। इस स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव उन देशों पर पड़ सकता है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है, क्योंकि देश अपनी तेल आवश्यकता का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। ऐसे में यदि वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेज उछाल आता है या आपूर्ति बाधित होती है, तो इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था, महंगाई और आम उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।

इसी संभावित संकट को देखते हुए भारत सरकार ने समय रहते कई रणनीतिक कदमों पर विचार शुरू कर दिया है। सरकार की प्राथमिकता यह है कि घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीज़ल की उपलब्धता बनी रहे और कीमतों पर अत्यधिक दबाव न पड़े। इसके लिए तेल विपणन कंपनियों को पर्याप्त भंडार बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि किसी भी आपात स्थिति में घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराया जाए।

मध्य पूर्व में ऊर्जा आपूर्ति के संदर्भ में सबसे संवेदनशील बिंदु स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है। यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति की जीवनरेखा माना जाता है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से दुनिया के विभिन्न देशों तक पहुंचता है। यदि किसी कारण से यह मार्ग बाधित होता है या यहां सैन्य टकराव बढ़ता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में अचानक भारी उछाल आ सकता है। इसका असर भारत की आयात लागत, चालू खाता घाटे और महंगाई दर पर पड़ सकता है। भारत के पास वर्तमान में सीमित रणनीतिक भंडार है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश के पास कच्चे तेल का भंडार लगभग 17 से 18 दिनों की जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त है। वहीं पेट्रोल और डीज़ल का स्टॉक करीब तीन सप्ताह तक चल सकता है। यह भंडार किसी अल्पकालिक संकट से निपटने के लिए तो पर्याप्त हो सकता है, लेकिन यदि वैश्विक आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहती है, तो स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है। यही कारण है कि सरकार अब ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों को विविध बनाने पर विशेष ध्यान दे रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीदकर अपनी आयात लागत को काफी हद तक नियंत्रित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि संकट के समय यह रणनीति भारत




के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। रूस के अलावा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से भी तेल आयात बढ़ाने के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार पेट्रोल और डीजल के निर्यात को सीमित करने जैसे कदमों पर भी विचार कर रही है। यदि घरेलू बाजार में आपूर्ति पर दबाव बढ़ता है तो निर्यात को नियंत्रित कर ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। यह कदम घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है। ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में केवल कच्चा तेल ही चिंता का विषय नहीं है। भारत की एलपीजी और एलएनजी की जरूरतों का भी बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर करता है। यदि समुद्री परिवहन में बाधा आती है या आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है तो घरेलू गैस वितरण व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार घरेलू गैस उत्पादन बढ़ाने और वैकल्पिक आपूर्ति मार्गों को मजबूत करने की दिशा में भी काम कर रही है।

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो इसका असर व्यापक होगा। परिवहन लागत बढ़ने से वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे महंगाई पर दबाव बढ़ेगा। औद्योगिक उत्पादन की लागत भी बढ़ सकती है और इससे आर्थिक विकास दर प्रभावित होने की आशंका रहती है। हालांकि सरकार का दावा है कि वह स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर त्वरित हस्तक्षेप करने के लिए तैयार है। पिछले वर्षों में भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण, आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश उसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। दीर्घकालिक दृष्टि से देखें तो यह संकट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत भी है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में बार–बार आने वाली अस्थिरता यह दर्शाती है कि केवल आयात पर निर्भर रहना दीर्घकाल में जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसलिए देश को ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन पर अधिक ध्यान देना होगा। भारत पहले ही नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। यदि इन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया जाता है तो भविष्य में वैश्विक तेल संकटों का प्रभाव अपेक्षाकृत कम किया जा सकता है।मध्य पूर्व में जारी तनाव केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि इसका असर पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। ऊर्जा बाजार में थोड़ी सी अस्थिरता भी तेल आयातक देशों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाए और संभावित संकटों के लिए पहले से तैयार रहे। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम यह संकेत देते हैं कि भारत संभावित ऊर्जा संकट से निपटने के लिए सक्रिय रणनीति अपना रहा है। घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करना, आयात स्रोतों का विस्तार करना और ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक सुधार करना इसी रणनीति का हिस्सा है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मध्य पूर्व की स्थिति किस दिशा में जाती है। यदि तनाव कम होता है तो वैश्विक ऊर्जा बाजार स्थिर हो सकता है। लेकिन यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव जारी रह सकता है। ऐसे में भारत की तैयारियां ही यह तय करेंगी कि देश इस संभावित संकट का सामना कितनी मजबूती से कर पाता है।

### भारत–इंग्लैंड का सेमीफाइल मुकाबला

# वानखेड़े स्टेडियम में किसका बजेगा डंका?




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टी 20 विश्व कप 2026 का दूसरा सेमीफाइनल गुरुवार (आज) शाम सात बजे शुरू होगा। इसका महत्व इसलिए ज्यादा है क्योंकि जो टीम जीतेगी वह टी 20 विश्व कप इतिहास में चौथी बार फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बनाएगी। पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बना ली है, इसलिए अब सबकी नजर इस बड़े मुकाबले पर टिकी हैं। वानखेड़े स्टेडियम को हमेशा से बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग माना जाता है। यहां की पिच आमतौर पर फ्लैट रहती है और गेंद सीधे बल्ले पर आती है, जिससे बड़े शॉट खेलना आसान हो जाता है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड के कारण इस मैदान पर अक्सर हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। लाल मिट्टी की पिच होने की वजह से गेंद को अच्छा उछाल मिलता है।

नई गेंद से तेज गेंदबाजों को हल्की स्विंग मिल सकती है, लेकिन जैसे–जैसे मैच आगे बढ़ता है बल्लेबाजी और आसान हो जाती है। रात के मैचों में ओस भी अहम भूमिका निभा सकती है। इसी कारण कई कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना पसंद करते हैं। हालांकि आंकड़े बताते हैं कि यहां टॉस का असर ज्यादा नहीं रहा है। वानखेड़े में खेले गए 16 टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आठ बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है और आठ बार लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को सफलता मिली है। भारत और इंग्लैंड के बीच टी 20 मुकाबलों का रिकॉर्ड भी काफी रोमांचक रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 29 टी 20 मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 17 और इंग्लैंड ने 12 मुकाबले जीते हैं।

वानखेड़े में दोनों टीमें दो बार भिड़ चुकी हैं और दोनों ने एक–एक मैच जीता है। ऐसे में सेमीफाइनल में एक और कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट जैसे आक्रामक बल्लेबाज इस पिच पर मैच का रुख बदल सकते हैं। इसलिए वानखेड़े में होने वाला यह सेमीफाइनल रन, रोमांच और बड़े शॉट्स से भरपूर होने की पूरी उम्मीद है।

# फिन एलन के तूफान से फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टी 20 वर्ल्ड कप 2026 का पहला फाइनलिस्ट तय हो गया है। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर शानदार अंदाज में फाइनल का टिकट कटाया। इस जीत के साथ कीवी टीम दूसरी बार टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही है। इससे पहले न्यूजीलैंड 2021 में भी फाइनल में पहुंचा था, लेकिन तब उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज फिन एलन रहे। एलन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए महज 33 गेंदों में शतक जड़ दिया। उनकी इस तूफानी पारी में 10 चौके और 8 शानदार छक्के शामिल रहे। एलन की दमदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने लक्ष्य को सिर्फ 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। उनके साथ टिम सीफर्ट ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और 58 रनों की उपयोगी पारी खेली।

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सिर्फ 12 रन के स्कोर पर ही क्विंटन डिकॉक और रयान रिकेल्टन आउट हो गए। इसके बाद कप्तान एडन मारक्रम और डेवाल्ड ब्रेविस ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन टीम नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। मुश्किल स्थिति में ट्रिस्टन स्टब्स और मार्को येनसन ने टीम को संभाला और छठे विकेट के लिए अहम साझेदारी की। स्टब्स ने 29 रन बनाए, जबकि मार्को येनसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में नाबाद 55 रन की पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत साउथ अफ्रीका 169 रन तक पहुंच सका, लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के सामने यह स्कोर छोटा साबित हुआ।

## मराठी अभिनेत्री से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले की जांच शुरू

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मशहूर मराठी अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर समेत कुछ अन्य लोगों से जुड़े कथित 47 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में आरोपी के तौर पर अविनाश जाधव नाम के व्यक्ति के खिलाफ शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता मृणालिनी सुभाष जांभले, जो मराठी रंगमंच और फिल्मों से जुड़ी अभिनेत्री हैं, की आरोपी से व्यावसायिक पहचान थी। आरोप है कि अविनाश जाधव ने खुद को एक बड़ा बिल्डर और फिल्म निर्माता बताकर निवेश का प्रस्ताव दिया। उसने दावा किया कि डोंबिवली में चल रहे एक निर्माण प्रोजेक्ट में पैसा लगाने पर कम समय में अच्छा मुनाफा मिलेगा और एक साल के भीतर पूरी रकम लौटा दी जाएगी।

# दुबई में फंसी लारा दत्ता, बेटी के साथ झेल रहीं तनावपूर्ण हालात

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स लारा दत्ता इन दिनों अपनी बेटी सायरा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच उन्होंने एक वीडियो के जरिए अपने डरावने अनुभव साझा किए हैं। लारा ने बताया कि पिछले कुछ दिन उनके लिए बेहद तनावपूर्ण और डराने वाले रहे हैं।

उन्होंने 28 फरवरी की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय वह दुबई के एक स्टूडियो में शूटिंग कर रही थीं। अचानक जोरदार धमाकों की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद सभी लोग घबराकर बाहर निकल आए। बाहर आकर उन्होंने आसमान में मिसाइलों को इंटरसेप्ट होते देखा। लारा के मुताबिक धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि उनके विला की खिड़कियां और दरवाजे तक हिलने लगे। इस दौरान उनके पति महेश भूपति काम के सिलसिले में बाहर हैं, जिससे बेटी को अकेले संभालना उनके लिए और मुश्किल हो गया है। उन्होंने माना कि लगातार उड़ते जेट और धमाकों की आवाज माहौल को और ज्यादा डरावना बना देती है।

## बाफ्टा विजेता मणिपुरी फिल्म बिलोंग का ट्रेलर रिलीज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मणिपुरी सिनेमा की चर्चित फिल्म बिलोंग का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बाफ्टा पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म का पुरस्कार जीता है।

फिल्म की कहानी इम्फाल में रहने वाले एक स्कूली लड़के बोंग के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसका किरदा रगुगुन किपगेन ने निभाया है। बोंग एक शरारती लेकिन दृढ़ निश्चयी बच्चा है जो अपनी मां को खुश करने के लिए अपने लंबे समय से लापता पिता को घर लाने का सपना देखता है। उसे विश्वास है कि उसके पिता म्यांमार सीमा के पास स्थित मोरेह शहर में काम कर रहे हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि बोंग अपने दोस्त राजू के साथ पिता की तलाश में जोखिम भरी यात्रा पर निकल पड़ता है। यह सफर मणिपुर के ग्रामीण इलाकों से होते हुए सीमावर्ती शहर तक पहुंचता है। फिल्म में बचपन की मासूमियत के साथ क्षेत्र के सामाजिक–राजनीतिक माहौल को भी दिखाया गया है।

### ऑल इंग्लैंड ओपन में लक्ष्य सेन का बड़ा उलटफेर

# वर्ल्ड नंबर–1 शी युकी को हराया




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में शानदार शुरुआत करते हुए बड़ा उलटफेर कर दिया। बर्मिंघम में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पहले दौर में लक्ष्य सेन ने चीन के मौजूदा वर्ल्ड नंबर–1 खिलाड़ी शी युकी को कड़े मुकाबले में 2–1 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। इस जीत के साथ लक्ष्य ने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया।

मुकाबले की शुरुआत से ही लक्ष्य सेन ने आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाया। पहले सेट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23–21 से जीत दर्ज की। इस सेट में लक्ष्य ने शुरुआत में बढ़त बना ली थी और ब्रेक तक 11–7 से आगे थे। हालांकि शी युकी ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 20–20 से बराबर कर दिया, लेकिन आखिर में लक्ष्य ने क्रॉस–कोर्ट स्मैश के साथ सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में चीन के खिलाड़ी शी युकी ने दमदार वापसी की और लक्ष्य सेन को 19–21 से मात दी। इसके बाद मुकाबला निर्णायक तीसरे सेट में पहुंच गया, जहां दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। तीसरे सेट में 6–6 के बाद शी युकी ने थोड़ी बढ़त बनाई, लेकिन लक्ष्य ने शानदार वापसी करते हुए ब्रेक तक 11–9 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने लगातार अंक जुटाते हुए सेट 21–17 से जीत लिया और मैच भी 2–1 से अपने नाम कर लिया। इस टूर्नामेंट में भारत की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने भी शानदार शुरुआत की। उन्होंने मलेशिया की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं महिला सिंगल्स में मालविका बंसोड को चीन की चेन यू फेई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

# धुरंधर 2 से बची ‘टॉक्सिक’, अब वरुण धवन की फिल्म से होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कन्नड़ सुपरस्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘टॉक्सिक’ एक बार फिर चर्चा में है। पहले इस फिल्म की रिलीज 19 मार्च को तय थी और उसी दिन इसकी बॉक्स ऑफिस भिड़ंत ‘धुरंधर 2’ से होने वाली थी। संभावित नुकसान से बचने के लिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदलने का फैसला लिया और अब ‘टॉक्सिक’ चार जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हालांकि रिलीज डेट बदलने के बाद भी फिल्म के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब 4 जून को ही वरुण धवन की नई फिल्म ‘है जवानी तो इश्क होना है’ भी रिलीज होने जा रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दोनों फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। यश की फिल्म ‘टॉक्सिक’ को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह है। ‘केजीएफ’ के दोनों पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यश पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं और फैंस उनकी अगली फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

यही वजह है कि फिल्म से मेकर्स को भी बड़ी उम्मीदें हैं। दूसरी ओर वरुण धवन की फिल्म ‘है जवानी तो इश्क होना है’ एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसे उनके पिता और मशहूर निर्देशक डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। अब सवाल यह है कि चार जून को रिलीज होने वाली इन दोनों फिल्मों में से कौन बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारेगी। एक तरफ यश की पैन इंडिया अपील है, तो दूसरी तरफ वरुण धवन और डेविड धवन की कॉमेडी एंटरटेनमेंट। ऐसे में दर्शकों के बीच यह मुकाबला काफी दिलचस्प रहने वाला है।

# अर्जुन तेंदुलकर–सानिया चंडोक की शादी में पहुंचे बॉलीवुड सितारे




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर आज सानिया चंडोक के साथ विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। मुंबई में आयोजित इस भव्य शादी समारोह में क्रिकेट और बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां शामिल हो रही हैं। इस खास मौके पर फिल्म जगत के कई मशहूर सितारों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं।

शादी में सबसे पहले पहुंचने वाले प्रमुख मेहमानों में अभिनेता अमिताभ बच्चन अपनी पत्नी जया बच्चन के साथ नजर आए। जया बच्चन पारंपरिक साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं, जबकि अमिताभ बच्चन भी पारंपरिक भारतीय परिधान में दिखाई दिए। दोनों ने समारोह में पहुंचकर परिवार को बधाई दी। इसके अलावा अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन भी शादी में शामिल हुए। इस जोड़ी ने शानदार ड्रेस पहनकर समारोह में एंट्री की और पैपराजी को मुस्कुराते हुए पोज दिए। अभिषेक बच्चन ने मीडिया का हाथ जोड़कर अभिवादन भी किया। क्रिकेटर युवराज सिंह की पत्नी भी इस शादी समारोह में पहुंचीं। उनके अलावा कई अन्य क्रिकेटर्स और सेलिब्रिटीज के भी समारोह में शामिल होने की खबर है। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की यह शादी क्रिकेट और बॉलीवुड के सितारों का बड़ा मिलन बन गई है। शादी से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं और फैंस इस खास मौके की झलकियां देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

# अनुराग डोभाल और रितिका चौहान की विवादों में घिरी निजी जिंदगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मशहूर भारतीय मोटो-व्लॉगर और ‘बिग बॉस 17’ फेम अनुराग डोभाल जिन्हें सोशल मीडिया पर यूके राइडर के नाम से जाना जाता है, इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने एक लंबा और भावुक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर और पारिवारिक विवादों के बारे में खुलकर बात की। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उनकी पत्नी रितिका चौहान भी चर्चा में आ गई हैं। अनुराग ने वीडियो में दावा किया कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव और पारिवारिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ परिस्थितियों के कारण वह भावनात्मक रूप से काफी टूट चुके हैं। वीडियो में वह रोते हुए दिखाई दिए और उन्होंने बताया कि लगातार चल रहे विवादों ने उनकी जिंदगी को बहुत प्रभावित किया है।

### सीएम योगी ने अधिकारियों को दी नसीहत

# कमजोरों को उजाड़ने वालों को किसी भी हाल में न बख्शें



**यूनिक समय, गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का समाधान तुरंत, पारदर्शी और संतोषजनक तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य है और हर पीड़ित को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए भेजते हुए सीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और कमजोरों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाया जाए। खासतौर पर किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले या कमजोरों को उजाड़ने वाले अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## अब हर जिले में स्वास्थ्य और विकास का नया युग : योगी

**यूनिक समय, ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 10 में 200 करोड़ रुपये से बने केडीएसजी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद जनसभा में उन्होंने प्रदेश के विकास पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब विकास का इंजन बन चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित हो रहे हैं और हर जिले में मेडिकल कॉलेज पर काम चल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में 'एक जनपद एक माफिया' जैसी स्थिति थी, लेकिन अब हर जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विकास हो रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 60 करोड़ और प्रदेश के 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड के माध्यम से उपचार की सुविधा मिलने का जिक्र किया।

## आजमगढ़ में दो जगह पुलिस मुठभेड़, चार गोतस्कर गिरफ्तार

**यूनिक समय, आजमगढ़।** जिले में पुलिस ने गोतस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ों में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन मुठभेड़ों में दो शातिर गोतस्कर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया।

पहली मुठभेड़ बुधवार की देर रात निजामाबाद थाना क्षेत्र के नेवादा पुल के पास हुई। पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी संदिग्ध बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर गोतस्कर मेराज के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसका साथी नासिर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके से पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की। पुलिस के अनुसार मेराज पर पहले से 17 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। दूसरी मुठभेड़ गुरुवार भोर में फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। सूचना के आधार पर घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी आमिर घायल हो गया और पुलिस ने कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# कोर्ट में अंतिम सुनवाई से एक दिन पहले दुष्कर्म पीड़िता की हत्या



**यूनिक समय, आजमगढ़।** युवती के पिता ने गांव के आरोपी पर घर बुलाकर कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों में मचा कोहराम ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, पारा फुलवरिया निवासी सरिता गौड़ (18) बुधवार की देर रात से ही गायब थी। लगभग 3:00 बजे घर के सामने कुछ लोग उसे फेंककर चले गए। परिजन कुछ समझ पाते कि उसकी मौत हो गई। आनन–फानन में परिजन शव लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने गहन जांच पड़ताल की। वहीं, क्षेत्रीय लोगों की मानें तो मौके पर कोल्ड ड्रिंक मिला था, साथ ही कुछ जहरीला पदार्थ भी पाया गया है। आरोपी युवक ने कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर ज्योति को भी पिलाया और खुद भी पिया था लेकिन आरोपी मौके पर उल्टी किया था, जिससे वह खतरे से बाहर चला गया और युवती की मौत हो गई। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए मौके पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच पूर्व से मुकदमा भी चल रहा था और संबंध ठीक नहीं थे। युवती के पिता सुरेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में गांव के ही आरोपी व्यक्ति पर बेटी की हत्या कर भोर में घर के सामने फेंकने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती के पिता सुरेश गौड़ की ओर से कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने शव को सुपुर्दगी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलित कर रही है।

## बरेली में होली पर एडीजी, डीआईजी और एसएसपी थिरके

**यूनिक समय, बरेली।** एडीजी आवास पर पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने जमकर मस्ती की। राम बरात और होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद बृहस्पतिवार को एडीजी, डीआईजी और एसएसपी सहित तमाम अधिकारी होली के रंगों में सराबोर हो गए।

इस दौरान एसएसपी अनुराग आर्य पंजाबी गानों पर थिरकते हुए नजर आए, जिससे अफसर और पुलिसकर्मी दंग रह गए। महिला अफसरों ने भी पूरे जोश के साथ डांस किया और रंगों का त्योहार और भी जीवंत बन गया। आवास के बाहर मुस्कान बैंड ने धुन बजाई, जिससे माहौल में उत्साह और उमंग भर गई। अधिकारी और कर्मचारियों ने एक–दूसरे को रंग लगाते हुए और ढोल–नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए होली का आनंद लिया। इस आयोजन ने पुलिसकर्मियों के बीच एकता और टीम भावना को भी मजबूत किया। यह रंग–बिरंगी होली का कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का अवसर बना, बल्कि अधिकारी और कर्मचारियों के बीच उत्साह और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया।

# आगरा पुलिस लाइन में मनाया गया होली का जश्न



**यूनिक समय, आगरा।** पुलिसकर्मियों ने करीब 20 फीट के गड्ढे में कीचड़ भरकर मस्ती की और कीचड़ होली खेली। इस दौरान पुलिसकर्मी एक–दूसरे को कीचड़ में डालते नजर आए और जमकर झूमे। ढोल–नगाड़ों और होली गीतों की धुन पर पुलिसकर्मियों ने अपनी वर्दी में ही होली का आनंद लिया। वाटर कैनन के साथ मस्ती का अंदाज और बढ़ गया, जिससे उत्सव और रोमांचक बन गया। इस दौरान कपड़ा–फाड़ होली भी खेली गई, जिससे माहौल में हंसी–खुशी और उमंग छा गई। आगरा पुलिस ने इस अवसर को अपनी टीम के बीच एकता और उत्साह बढ़ाने का मौका भी बनाया। इस तरह का अनोखा जश्न न केवल पुलिसकर्मियों के लिए मनोरंजन का जरिया बना, बल्कि उन्हें रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से कुछ समय के लिए राहत भी दी।

स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम के वीडियो काफी वायरल हुए, जिसमें पुलिसकर्मियों की मस्ती और जोश साफ दिखाई दे रहा था। पुलिसकर्मी इस पर्व का जश्न पूरी तरह से उत्साह और सहयोग के साथ मना रहे थे, जो उनके बीच टीम भावना और मनोरंजन दोनों को बढ़ावा देता है।

## बुजुर्ग व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या

**यूनिक समय, कानपुर।** देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के निनाया बाजार में एक बुजुर्ग की पिटाई से मौत होने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, चंद्रपाल (75) गांव के बाजार में अपने काम से जा रहे थे। उसी दौरान कुछ लोगों ने उनसे गाली देने के लिए कहा। जब उन्होंने विरोध किया, तो दबंगों ने उन्हें लाठी–डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

मारपीट में गंभीर रूप से घायल चंद्रपाल को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजनेर पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. सिद्ध गोपाल शर्मा ने उनकी प्राथमिक चिकित्सा की, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अकबरपुर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है।

# मुंबई से घर आए युवक की पीट–पीटकर हत्या, खेत में मिला शव



**यूनिक समय, भदोही।** जिले के कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। बरमोहनी गांव निवासी 25 वर्षीय विशाल सरोज का शव गुरुवार सुबह सियरहां गांव के पास जल निगम की पानी टंकी के नजदीक एक खेत में मिला। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और घटनास्थल पर करीब 100 मीटर तक खून के धब्बे और घसीटे जाने के निशान पाए गए।

बताया गया कि विशाल मुंबई में काम करता था और एक सप्ताह पहले होली की छुट्टी में घर आया था। वह होली खेलने के लिए घर से निकला, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। परिवार ने काफी तलाश की, मगर उसका पता नहीं चला।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एक दुकानदार से हुए विवाद के बाद डंडे से हमला किया गया, जिससे अधिक खून बहने के कारण युवक की मौत हो गई।

# गोरखपुर में सिक्सलेन फ्लाईओवर निर्माण अंतिम चरण में

### ट्रैफिक जाम तथा दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है



**यूनिक समय, गोरखपुर।** गोरखपुर में लंबे समय से प्रतीक्षित देवरिया बाईपास–टीपीनगर सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण अब अंतिम चरण में है। मार्च के अंत तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके लोकार्पण के लिए तैयार हैं। इस फ्लाईओवर के बन जाने से शहर के मुख्य परिवहन मार्गों पर वाहनों का आवागमन सुगम होगा और ट्रैफिक जाम तथा दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। फ्लाईओवर छह लेन का है, जिससे भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक को भी सहारा मिलेगा। एसबीआई शाखा के सामने फ्लाईओवर के एप्रोच का निर्माण लगभग पूरा हो गया है, जबकि देवरिया बाईपास की ओर का हिस्सा अभी कुछ हद तक अधूरा है। टीपीनगर से रुस्तमपुर तक सड़क का निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है। फ्लाईओवर के पिलर के रंग–रोगन का काम भी जारी है। स्थानीय निवासी दिनेश गुप्ता ने बताया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक के कारण यात्रा में घंटों लग जाते थे, लेकिन इस फ्लाईओवर के बन जाने से समय की बचत के साथ रोजमर्रा की जीवनशैली भी आसान होगी। सेतु निगम के जीएम मिथिलेश कुमार ने कहा कि मार्च तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो जाएगा। गर्डर लगाने के दौरान देवरिया बाईपास पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। एसबीआई के पास एप्रोच का काम पूरा होने के बाद गर्डर रखा जाएगा, जिसके लिए वाहनों के आवागमन को कुछ दिन के लिए रोकना पड़ेगा। अधिकारियों के अनुसार डायवर्जन की योजना जल्द ही जारी की जाएगी। इस फ्लाईओवर के खुलने के बाद शहर के प्रमुख बाईपास से शहर की ओर आने–जाने वाले वाहनों का यातायात तेज और सुरक्षित होगा, जिससे शहरवासियों को यात्रा में आसानी और समय की बचत होगी।

# महिला दिवस पर पिंक रोजगार महाकुंभ में 5000 युवतियों को मिलेगा नौकरी का मौका

### रोजगार मेले का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है

**यूनिक समय, नई लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को पिंक रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित होगा। इस विशेष रोजगार मेले का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी के अनुसार इस रोजगार मेले में करीब 5000 युवतियों को नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। इसमें कक्षा 12वीं पास से लेकर स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और विभिन्न डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी भाग ले सकेंगी। इस मेले की खास बात यह है कि यहां कंपनियां ऑन–द–स्पॉट इंटरव्यू लेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का चयन भी उसी दिन किया जाएगा। इस पिंक रोजगार महाकुंभ में ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, फाइनेंस, ई–कॉमर्स, आईटी और रिटेल सेक्टर की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। महिंद्रा, बजाज, एचडीएफसी बैंक और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। अधिकारियों ने इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां और फोटोकॉपी साथ लेकर समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचें। इससे इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। यह रोजगार मेला युवतियों के लिए करियर की दिशा में एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है।

## सार संक्षेप

### पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से की बातचीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से संभव है। पीएम मोदी और मैक्रों ने शांति बहाल करने के लिए आपसी संपर्क और समन्वय बनाए रखने पर सहमति जताई। बातचीत को ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है जब क्षेत्र में हालात तेजी से बदल रहे हैं।

### नागपुर में दादी ने अपने पोते पर डाला खौलता पानी, बच्चा झुलसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नागपुर के कोराडी इलाके में 4 वर्षीय पोते ने खेल-खेल में अपनी दादी पर पेंट छिड़क दिया। गुस्साई दादी ने तुरंत बाल्टी में खौलता पानी बच्चे पर डाल दिया, जिससे बच्चा बुरी तरह झुलस गया। गर्म पानी गिरते ही बच्चे की कमर के नीचे करीब 45 प्रतिशत तक झुलस गया। परिजनों ने उसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने वाट्सऐप चैट के आधार पर तलाक को किया रद्द

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने नासिक फैमिली कोर्ट का तलाक फैसला रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि केवल वाट्सऐप या एसएमएस संदेशों के आधार पर मानसिक क्रूरता साबित नहीं की जा सकती, खासकर जब पत्नी को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया हो। पहले फैमिली कोर्ट ने पति की याचिका मानकर तलाक दे दिया था। हाई कोर्ट ने मामले को फैमिली कोर्ट में लौटाते हुए पत्नी को अपना पक्ष और सबूत पेश करने का मौका देने का निर्देश दिया। नया फैसला तब लिया जाएगा।

### कनाडा में पंजाबी मूल की इन्फ्लुएंसर नैन्सी ग्रेवाल की हत्या

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कनाडा के विंडसर में पंजाबी मूल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैन्सी ग्रेवाल की घर पर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह कट्टरपंथियों की गतिविधियों की आलोचना करती थीं। पुलिस के मुताबिक, 45 वर्षीय नैन्सी पर चाकू से 18 बार वार किए गए। गंभीर रूप से घायल नैन्सी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। मां तेजिंदर कौर ने कहा कि यह हमला पूर्व दुश्मनी और नैन्सी के सच के रास्ते पर चलने के कारण हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने ईरान-इजरायल जंग में एंट्री का संकेत दिया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ अपने रक्षा समझौते के चलते ईरान-इजरायल युद्ध में शामिल होने का संकेत दिया है। विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान को चेतावनी दी कि सऊदी पर हमला न किया जाए। डार ने बताया कि पाकिस्तान-सऊदी सुरक्षा समझौता रियाद की रक्षा में ढाल बना और वहां कम हमले हुए।

# भारत ने ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जताई संवेदना



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में ईरान के दूतावास में शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए और भारत सरकार की ओर से खामेनेई के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

अयातुल्ला अली खामेनेई 1989 से ईरान पर शासन कर रहे थे और 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में उनकी मौत हो गई। 86 वर्षीय खामेनेई के निधन के बाद उनके बेटे मुज्तबा खामेनेई को देश के अगले शीर्ष नेता के रूप में देखा जा रहा है। उनकी मृत्यु ने पूरे विश्व में राजनीतिक और सुरक्षा संकट की स्थिति पैदा कर दी है। खामेनेई की हत्या के तुरंत बाद ईरान ने अमेरिकी और इजरायल ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए। इस दौरान हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने एक ईरानी युद्धपोत को टारपीडो से मार गिराया, जो इंडियन नेवी के बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास "मिलान 2026" से लौट रहा था। इस हमले ने वैश्विक स्तर पर युद्ध और सुरक्षा की नई चिंताओं को जन्म दिया। साथ ही, अजरबैजान ने आरोप लगाया कि ईरानी ड्रोन ने उनके एयरपोर्ट पर हमला किया। अजरबैजान ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस बीच पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में तनाव और सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और जटिल हो गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि भारत ईरान के लोगों के साथ इस दुख की घड़ी में है और दोनों देशों के बीच सहयोग और संवाद के महत्व को बनाए रखना जारी रखेगा। इस अवसर पर ईरानी दूतावास के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस घटनाक्रम ने न केवल ईरान और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भी चिंताएँ पैदा की हैं। खामेनेई की मृत्यु और इसके बाद हुई सैन्य कार्रवाइयों से वैश्विक राजनीति और सुरक्षा पर गहरा असर पड़ा है, और क्षेत्रीय शांति के लिए कूटनीतिक प्रयासों की आवश्यकता को और बढ़ा दिया है।

### विदेश सचिव ने दिल्ली में ईरान दूतावास में शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए

## भारत ने खारिज किया अमेरिका के बंदरगाहों के इस्तेमाल का दावा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के बीच भारत ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी नेवी ईरान पर हमले के लिए भारत के बंदरगाहों का इस्तेमाल नहीं कर रही है। यह बयान भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन दावों को खारिज करते हुए दिया, जिनमें पूर्व अमेरिकी आर्मी कर्नल का हवाला था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिकी नेवी के अधिकांश बेस और पोर्ट्स नुकसान झेल चुके हैं, इसलिए उन्हें भारत के पोर्ट्स का सहारा लेना पड़ रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे 'बेबुनियाद और मनगढ़ंत' बताते हुए साफ किया कि भारत का कोई ऐसा रोल नहीं है। मंत्रालय की फैक्ट चेक यूनिट ने सोशल मीडिया पर लोगों को ऐसे झूठे दावे फैलाने से बचने की चेतावनी दी।

### भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर किसी भी तरह के सहयोग से इनकार किया

इस बीच, 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया था। ऑपरेशन में ईरान की लीडरशिप, मिसाइल भंडार और न्यूक्लियर प्रोग्राम को निशाना बनाया गया, साथ ही सरकार को हटाने का संकेत भी दिया गया। युद्ध का मकसद और समयसीमा लगातार बदल रहे हैं, जिससे यह संघर्ष लंबा खिंच सकता है। भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए किसी भी तरह के सहयोग से इनकार किया और देश के बंदरगाहों का इस्तेमाल किसी सैन्य हमले के लिए नहीं होने दिया।

## अमेरिका ने इजरायल को दिया पूरा समर्थन


**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईरान के साथ बढ़ते युद्ध के बीच अमेरिका ने इजरायल को खुला समर्थन दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच हुई बातचीत में अमेरिका ने कहा, "इसे अंजाम तक पहुंचाओ, हम तुम्हारे साथ हैं।" बातचीत में सैन्य सहयोग और इजरायल की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

काट्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और हेगसेथ का धन्यवाद किया और कहा कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच अभूतपूर्व सहयोग युद्ध के सभी लक्ष्यों को पूरा कर रहा है। अमेरिका ने इजरायल की मिसाइल सुरक्षा में मदद की और दोनों सेनाओं की क्षमताओं की सराहना की। दूसरी ओर, ईरान ने चेतावनी दी कि अगर उसे उखाड़ने की कोशिश की गई, तो वह इजरायल के डिमोना न्यूक्लियर साइट पर हमला कर सकता है। आईआरजीसी ने 'ट्रू प्रॉमिस 4' ऑपरेशन की 19वीं लहर शुरू की और दावा किया कि उसने अमेरिका और इजरायल के 7 से अधिक एडवांस्ड रडार सिस्टम नष्ट कर दिए हैं, जिससे उनके निगरानी नेटवर्क को गंभीर नुकसान हुआ है।

## चीन ने बढ़ाया डिफेंस बजट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दुनिया में जारी युद्ध और तनाव के बीच चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया है। इससे पहले साल 2025 में चीन ने अपने डिफेंस बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर 249 अरब डॉलर का बजट रखा था। चीन का मकसद अपने सशस्त्र बलों का तेजी से आधुनिकीकरण करना और अमेरिका की सेना के बराबर पहुंचना है।

# कांग्रेस ने जारी की राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की है। इस बार पार्टी ने उम्मीदवार चयन में आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों को जगह दी है। फूलो देवी नेताम (आदिवासी), छत्तीसगढ़ से, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की करीबी। 2013 में नक्सली हमले में बुरी तरह घायल होने के बाद भी राजनीति में सक्रिय। कर्मवीर सिंह बौद्ध (दलित), झारखंड से, कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग और प्रभारी के करीबी। टी. क्रिस्टोफर (अल्पसंख्यक), तमिलनाडु से, डीएमके के साथ गठबंधन के तहत उम्मीदवार, राज्य में क्रिश्चियन समुदाय के समर्थन की रणनीति। अभिषेक मनु सिंघवी, वेम नरेंद्र रेड्डी और अनुराग शर्मा (सवर्ण), विभिन्न राज्यों से, जिनमें वेम नरेंद्र रेड्डी तेलंगाना से हैं और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के सलाहकार रहे हैं। अनुराग शर्मा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले से हैं और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। पिछली बार कांग्रेस ने राज्य से बाहरी नेताओं को राज्यसभा भेजा था, जिससे प्रदेश इकाई में नाराजगी थी। इस बार पार्टी ने प्रदेश से ही उम्मीदवार चुनकर संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है। राज्यसभा चुनाव में जातीय और सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए, कांग्रेस ने इस बार तीन सवर्ण, एक आदिवासी, एक दलित और एक अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को नामित किया है।

### तीन सवर्ण, एक आदिवासी एक दलित और एक अल्पसंख्यक नामित

यह कदम पार्टी की रणनीति का हिस्सा है, जिससे सामाजिक प्रतिनिधित्व और राजनीतिक संतुलन दोनों बनाए रखे जा सकें। फूलो देवी नेताम और अभिषेक मनु सिंघवी को दोबारा मौका मिलना उनके राजनीतिक अनुभव और पार्टी में विश्वास को दर्शाता है। राज्यसभा चुनाव के परिणाम पार्टी के लिए आगामी राजनीतिक योजनाओं में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# डीटीसी इलेक्ट्रिक बस में लगी आग, यात्री सुरक्षित



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मेहरौली-बदरपुर रोड पर डीटीसी की एक इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। बस में अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही मिनटों में आग की लपटें फैल गईं, आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। यह बस मार्ग संख्या 544 पर आरके पुरम से बदरपुर बॉर्डर तक चलती है। घटना की सूचना दोपहर 12.57 बजे अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को मिली, जिसके बाद तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग इतनी तेजी से फैल गई कि बस पूरी तरह से आग की चपेट में आ गई। हालांकि, समय रहते बस से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, इसलिए कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और कोई जख्मी नहीं हुआ। दमकलकर्मियों ने स्थिति को काबू में किया और आग को पूरी तरह बुझा दिया। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है ताकि आग लगने के कारण का पता लगाया जा सके। यह घटना गर्मियों की शुरुआत में आग लगने की घटनाओं की बढ़ती प्रवृत्ति को भी उजागर करती है। स्थानीय अधिकारियों ने जनता से कहा है कि वे बसों में आग लगने की परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के लिए सतर्क रहें।

# आंध्र प्रदेश में दूसरा और तीसरा बच्चा जन्म पर मिलेंगे 25000 रुपये : सीएम



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की पॉपुलेशन मैनेजमेंट पॉलिसी पेश करते हुए घोषणा की है कि दूसरे और तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को डिलीवरी के समय 25,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसका उद्देश्य राज्य में जन्म दर बढ़ाना और जनसंख्या संतुलन बनाए रखना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में लगभग 58% परिवारों में केवल एक बच्चा है, लगभग 2.17 लाख परिवारों में दो बच्चे हैं, जबकि लगभग 62 लाख परिवारों में तीन या उससे अधिक बच्चे हैं। इसके अलावा, तीन लाख परिवारों में केवल एक बच्चा है जबकि अन्य तीन लाख परिवारों में दो से अधिक बच्चे हैं। आंध्र प्रदेश का कुल प्रजनन दर (फर्टिलिटी रेट) अभी 1.5 है, जबकि जनसंख्या संतुलन बनाए रखने के लिए यह 2.1 होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था बढ़ती है, जन्म दर में गिरावट आती है, जिससे भविष्य में कार्यबल की कमी और आर्थिक चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। इस नई योजना के तहत जिन परिवारों का दूसरा या तीसरा बच्चा होगा, उन्हें डिलीवरी के समय 25,000 रुपये

# सीआईएसएफ करेगी हर साल 14 हजार कर्मियों की भर्ती

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की अधिकृत संख्या को 2 लाख से बढ़ाकर 2.2 लाख कर्मियों तक करने की मंजूरी दी है। अगस्त 2025 में स्वीकृत यह वृद्धि हवाई अड्डे, बंदरगाह और औद्योगिक केंद्रों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए की गई है। इस योजना के तहत अगले पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष लगभग 14,000 नए कर्मियों की भर्ती की जाएगी। सीआईएसएफ वर्तमान में दिल्ली मेट्रो के 70 लाख यात्रियों सहित रोजाना एक करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। इस सुरक्षा कवरेज में हवाई अड्डों पर 15 लाख यात्री और अन्य तैनाती क्षेत्रों में 15 लाख लोग भी शामिल हैं। सीआईएसएफ की यह भर्ती और संख्या वृद्धि देश के सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करेगी, खासकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और जनसंख्या के उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में। अधिकारियों ने कहा है कि बढ़ती तैनाती और नई भर्ती से सुरक्षा बलों की क्षमता में सुधार होगा और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी। यह कदम भारत में नागरिक सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### रोजाना एक करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा सीआईएसएफ

## गांव की चौपाल पर रंगों का उत्सव

# परंपरा और अपनत्व के रंगों में रंगी ग्रामीण होली



होली पर रंगों में रंगी युवाओं की टोली।

### युवाओं और बच्चों ने मिलकर मनाई पारंपरिक होली

### अबीर-गुलाल में रंगा गांव, युवाओं की टोली ने बढ़ाया होली का उत्साह

### एक साथ जुटे गांव के लोग, रंगों और मुस्कानों के बीच मनाया होली पर्व

विशेष सवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ग्रामीण क्षेत्र में होली का त्योहार पारंपरिक उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। गांव की चौपाल और घरों के आंगन में बच्चे, युवा और बुजुर्ग एक साथ इकट्ठा होकर रंग-गुलाल के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए। गांव में होली का माहौल सुबह से ही दिखाई देने लगा था। युवा और बच्चे एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते रहे। कई जगहों पर समूह बनाकर लोगों ने एक साथ बैठकर त्योहार का आनंद लिया और पारंपरिक तरीके से होली मनाई। ग्रामीण इलाकों में होली का रंग शहरों से अलग दिखाई देता है। यहां लोग परिवार और पड़ोसियों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से त्योहार मनाते हैं। गांव के बच्चे और युवा एक साथ बैठकर रंगों से सराबोर नजर आ रहे हैं। सभी के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। त्योहार के दौरान युवाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर फोटो भी खिंचवाई और इस पल को यादगार बनाया। बच्चों में भी होली को लेकर खास उत्साह देखा गया। कई जगहों पर लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस दिन लोग पुराने मतभेद भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं। ब्रज क्षेत्र के गांवों में मनाई गई इस होली ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण संस्कृति में त्योहार केवल परंपरा नहीं बल्कि सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। रंगों और मुस्कानों के साथ मनाया गया यह उत्सव गांव के लोगों के लिए यादगार बन गया।

## मैं तो मलूँगी गुलाल तेरे गालों पर...



प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में भजन करते भक्तगण।

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर्व के अवसर पर प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में भजन संध्या एवं फूल बंगला का भव्य आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। प्रातः काल भक्तों ने भगवान के साथ रंग-गुलाल खेलकर होली का आनंद लिया। इसके पश्चात सेवायत जगदीश गोस्वामी द्वारा भगवान का पंचामृत अभिषेक कराया गया। सायंकाल ठाकुर जी को रजत सिंहासन पर विराजमान कर आकर्षक फूल बंगला सजाया गया। इस दौरान श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्यों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण गोपाल शर्मा ने गणेश वंदना व केशव वंदना से किया। भजन संध्या में मनमोहन आगरा वालों ने "मैं तो मलूँगी गुलाल तेरे गालों पर", विजय बंसल ने "ऐरे होली खेले तो आ जइयो मदन गोपाल", मानिक जैन ने "राधे तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए" तथा महेश गोयल ने "होली आई रे श्याम मेरी सुध लीजो" जैसे भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, राजेश लखनऊ दीपक शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, दिलीप पांडे, योगेंद्र गोयल, घनश्याम रसिक, हरि गुडेरा, पी.पी. शर्मा सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

## महाविद्या फेस-2 में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली उत्सव



होली उत्सव में शामिल कॉलोनीवासी।

**यूनिक समय, मथुरा।** महाविद्या फेस-2 स्थित तिकोना पार्क में कॉलोनीवासियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया। वेदप्रकाश अग्रवाल और जितेंद्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत हाउजी तथा अटपटे सवाल-चटपटे जवाब प्रतियोगिता से हुई, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण लट्ठमार होली रही, जिसमें महिलाओं और पुरुषों के युगल स्वरूप ने पारंपरिक अंदाज में होली खेलकर माहौल को रंगीन और उल्लासमय बना दिया। उन्होंने बताया कि आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर शरद चंद सक्सेना, सुरेंद्र सक्सेना, सत्यव्रत सिंह, राजीव, अरविंद, श्रीकांत, मणिकांत, दीपक, पवन, अमरीश एडवोकेट, सुनीत गुप्ता, रुचि गुप्ता, वंदना, लता, मधुबाला, सुनीता, नीतू, गुंजन सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने संदिग्ध परिस्थियों में आत्महत्या की

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां के राठौर नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थियों में फांसी लाकर की गई हत्या के मामले में शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार करते हुए नामजदों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने के भरोसा दिया।राठौर नगर निवासी युवक ने मंगलवार को संदिग्ध परिस्थियों में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। बुधवार को परिवार के लोगों ने इसे आत्महत्या न मानते हुए पड़ोसी युवकों द्वारा हत्या करने का आरोप लगाया। इसके बाद परिवार के लोगों ने युवक का अंतिम संस्कार करने से इकांर कर दिया और जमकर हंगामा किया। पुलिस से इस मामले में हत्या करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने घटना की निष्पक्ष जांच करने के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

## जेसीआई मथुरा ग्रेटर ने मनाया होली उत्सव मिलन समारोह



होली उत्सव मिलन समारोह के अवसर पर पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा ग्रेटर के सदस्यों ने होली उत्सव मिलन समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान सदस्यों ने राधा-कृष्ण की छवि के समक्ष फूलों की होली खेली और पारंपरिक लट्ठामार होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गेम, भजनों की प्रस्तुतियां तथा मयूर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सर्राफ, सचिव यश गुप्ता, लेडी चेयरपर्सन नेहा गर्ग, गौरुल गर्ग और यति गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में सह-संयोजक अतुल-रितु अग्रवाल, नितिन-गीतू अग्रवाल, नरेन्द्र-अंजना अग्रवाल, अनुराग-पूनम अग्रवाल तथा पंकज-बबीता अग्रवाल को अध्यक्ष व सचिव द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पी.डी. खण्डेलवाल, राजू हाथी, वरुण गर्ग, मनीष अग्रवाल (कंडी माला), नितिन अग्रवाल (ब्रजवासी), अंशुल गर्ग, विपिन सिंघल, अभिषेक अग्रवाल, किशोर मित्तल, आर.पी. सिंघल, नितेश खण्डेलवाल, गौतम गोयल, शैलेश अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, सौरभ बंसल, करन मित्तल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत मथुरा की बैठक 7 मार्च को

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला पंचायत मथुरा की बैठक 7 मार्च 2026, शनिवार को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत परिसर स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में होगी। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत मथुरा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में जिला पंचायत के सभी सदस्य, जनपद के सांसद, विधायकगण, ब्लॉक प्रमुख तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

## युवा सर्राफा कमेटी ने होली पर कराया विराट कवि सम्मेलन



विराट कवि सम्मेलन में काव्यपाठ करते कवि।

**यूनिक समय, मथुरा।** होली के पावन पर्व पर युवा सर्राफा कमेटी मथुरा के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन एवं लठामार होली का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से आए कवियों ने हास्य-व्यंग्य और ओजपूर्ण कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवियों का स्वागत संरक्षक मुकुल, राधाकृष्ण, हिमांशु, चेतन और पीयूष ने पटका पहनाकर किया, जबकि हास्य कवयित्रियों का स्वागत रागिनी, आँचल, नीरू, चंचल और आकृति ने किया। कवि सम्मेलन में होली के रंग, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रभावना पर आधारित रचनाओं ने खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली और पारंपरिक लठ्ठामार होली भी खेली गई, जिससे पूरा माहौल रंगों और उत्साह से सराबोर हो गया। मीडिया प्रभारी दीपक सिंघल ने बताया कि मुख्य संयोजक ऋषभ-दर्शिका, शुभम-शिवानी और कुशल-रिशु ने सभी सदस्यों का पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर अंकित, आशीष, गौरहरि, कन्हैया, राहुल, चंदू, मनीष, पवन, विवेक, गिरधारी, अनुराग, हेमेंद्र, नवीन, ज्योति, सिल्की, रश्मि, राधिका, बबीता, राधा, अंकिता, काजल, पारुल, पूजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भगत सिंह पार्क में 'होली मिलन समारोह'

# घुला भाईचारे का रंग, एक मंच पर दिखे सभी दलों के नेता

प्रमुख संवाददाता



डेंपीयर नगर के भगत सिंह पार्क में आयोजित होली मिलन समारोह में यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण समेत अन्य भाजपा के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के बैनर तले डेंपियर नगर स्थित भगत सिंह पार्क में आयोजित होली मिलन समारोह में ब्रज की पारंपरिक होरी, गुलाल और आपसी स्नेह के रंगों ने पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े जनप्रतिनिधि एक मंच पर दिखाई दिए और सभी ने आपसी सौहार्द व सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर यूपी के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, विधायक श्रीकांत शर्मा, विधायक पूरन प्रकाश, विधायक राजेश चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर 'राजू' यादव, भाजपा नेता भुवन भूषण कमल एवं योगेश द्विवेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर, सपा महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल, वरिष्ठ नेता तनवीर अहमद, डॉ. अशोक अग्रवाल, कुंवर नरेंद्र सिंह, महेंद्र चौधरी सहित विभिन्न दलों और समाज के गणमान्य लोगों ने भी समारोह में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। समिति के संस्थापक पंडित श्याम शर्मा ने कहा कि ब्रज की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने वाली परंपरा है। कार्यकारी अध्यक्ष संजय हरियाणा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विनोद दीक्षित, विजय शर्मा, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, कुलदीप शास्त्री, हरिशंकर, राहुल शर्मा, संजय गोविल, चिंताहरण चतुर्वेदी, श्याम चतुर्वेदी, पंकज चतुर्वेदी, गोपाल चतुर्वेदी, नारायण शर्मा, बृषभान गोस्वामी, मदन मोहन श्रीवास्तव, लोकेश तायल, नितिन चतुर्वेदी, ललित अग्रवाल, संजय पंडित, पाराशर, सुधीर शर्मा, राधा सिंह, मोहन भारद्वाज, बादल शर्मा, संदीप माथुर, पार्षद संतोष पाठक आदि उपस्थित थे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053